RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 तमन्ना से लेकर नोरा फतेही...

वर्ष : 26 अंक : 219 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 31 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# इजरायल का बदला, हमास प्रमुख हानिया को मार डाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को अपने देश में हुए खून-खराबे का बदला पूरा कर लिया है। पिछले 9 महीने से बदले की आग में झुलस रहे इजरायल ने बुधवार तड़के हमास चीफ इस्माइल हानिया को ढेर कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि हानिया को गाजा, फिलिस्तीन या कतर में नहीं, बल्कि ईरान की राजधानी तेहरान में मारा गया है। हमास ने खुद बयान जारी कर अपने चीफ की मौत की पुष्टि की है। हमास के हमले का बदला लेने क



लिए इजरायल ने हमास क गाजा स्थित ठिकानों पर हमला बोला था।

दरअसल, हमास चीफ इस्माइल हानिया मंगलवार (30 जुलाई) को ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। इस दौरान हानिया ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई से भी मुलाकात की थी। इसके अगले ही दिन (बुधवार) यानी की आज सुबह-सुबह ईजरायल ने उस घर को ही उड़ा दिया, जिसमें इस्माइल हानिया ठहरा हुआ था।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने बयान जारी कर कहा है कि हमला तेहरान में हानिया के ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया। इसमें हमास चीफ के साथ-साथ उसका एक बॉडीगार्ड भी मारा गया।

## तीन बेटों को भी किया था ढेर

हाल ही में (अप्रैल 2024) इजरायल इजरायली सुरक्षाबलों ने हानिया के तीन बेटों को भी मार गिराया था। इजरायल ने गाजा पट्टी पर एयरस्ट्राइक कर हानिया के तीन बेटों को मारा था। इजरायली सेना IDF ने बताया था कि हानिया के तीन बेटे आमिर, हाजेम और मोहम्मद गाजा में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने जा रहे थे, इस बीच तीनों हवाई हमलों की चपेट में आ गए।

## हानिया की मौत पर भड़का हमास

इजरायल ने बुधवार तड़के हमास के मुखिया इस्माइल हानिया को मार गिराया है। हमास चीफ को ईरान की राजधानी तेहरान में मारा गया जिसकी पुष्टि हमास ने की है। हमास ने एक बयान जारी कर कहा है कि 'विश्वासघाती इजरायली हमले' में तेहरान में फिलिस्तीनी समूह के पोलित ब्यूरो प्रमुख की मौत हो गई है। हानिया ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के पद ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए तेहरान आए थे। हमास पोलिटिकल ब्यूरो के एक सदस्य मोउसा अबू मरजूक ने कहा कि हानिया की मौत का बदला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस्माइल हानिया की 'कायरतापूर्ण' हत्या का जवाब दिया जाएगा।

# झुग्गी में लगी आग 3 बच्चों की दर्दनाक मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ है। कोतवाली फेज-1 क्षेत्र में आग लगने से तीन बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई और परिवार का मुखिया भी झुलसा। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे इलाज के लिए दिल्ली के हायर सेंटर सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम में मौके पर हैं।

डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि आज सुबह करीब 4.00 बजे दुखद हादसा हो गया। सेक्टर-8 में बिजली घर के पास बनी झुग्गी में आग लगने से तीन बच्चों की मौत हो गई और परिवार का मुखिया भी झुलसा गया।



डीसीपी ने बताया कि सुबह 4 बजे फायर सर्विस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-8 स्थित झुग्गी के एक कमरे में आग लग गई है। यह मकान संदीप का है, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## स्टेट बैंक में लगी आग

आग लगने की एक और घटना आज थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-119 में स्थित स्टेट बैंक में लगी। फायर बिग्रेड ने जल्द ही आग को बुझा लिया। आग से बैंक में रखे कुछ कम्प्यूटर, कागजात व अन्य सामान जल गया।

# जाति पूछने पर संसद में भड़का विपक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आजकल काफी चर्चाओं में हैं। अनुराग ठाकुर द्वारा मंगलवार को लोकसभा में भाषण के दौरान जाति पूछने वाले बयान पर काफी हंगामा हो रहा है। आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने अनुराग ठाकुर के बयान पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष के नेता अनुराग ठाकुर से संसद में माफी मांगने की मांग कर रहे थे। हंगामे के बीच केन्द्रीय मंत्री किरण रिजूजू ने कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस जाति के नाम पर देश को बांटना चाहती है। विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया।

आपको बता दें कि मंगलवार को पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के साथ तीखी बहस हुई थी। कांग्रेस नेता पर पलटवार करते हुए भाजपा (शेष पृष्ठ-3 पर)



## पीएम ने की अनुराग ठाकुर की तारीफ



"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के भाषण का वीडियो साझा कर उनकी तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'यह भाषण मेरे युवा और ऊर्जावान सहयोगी अनुराग ठाकुर का है, जिसे अवश्य सुनना चाहिए। यह तथ्यों से समाहित है। यह इंडी गठबंधन की गंदी राजनीति की पोल खोलता है।'

## भाजपाईयों ने सीएम आवास को गंगाजल से धोया था : अखिलेश



"भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की टिप्पणी पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा 'एक बार मैं मंदिर गया था, कुछ लोग नहीं चाहते थे कि मैं हवन और पूजा करूं। मैं उस दिन को कभी नहीं भूलूंगा जब सीएम के घर को गंगा जल से साफ किया गया था। अब आप चंद्रमा पर जाना चाहते हैं, डिजिटल इंडिया की बातें की जा रही हैं। क्या भाजपा किसी कांग्रेस नेता या किसी अन्य व्यक्ति की जाति पूछ सकती है? अखिलेश ने कहा कि जिसकी जाति जाननी है वह बाबा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जातीय जनगणना जरूरी : मायावती



"जाति वाले बयान पर हो रहे हंगामे के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने भी टवीट करते हुए बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जाति व जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस व बीजेपी आदि में जारी तकरार नाटकबाज़ी तथा ओबीसी समाज को छलने की कोशिश हो रही है। क्योंकि इनके आरक्षण को लेकर दोनों ही पार्टियों का इतिहास खुलेआम व पर्दे के पीछे भी घोर ओबीसी-विरोधी रहा है। इन पर विश्वास करना ठीक नहीं। बसपा प्रमुख ने कहा कि बीएसपी के प्रयासों से यहाँ लागू हुई ओबीसी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## तेज रफ्तार बस ने साइकिल सवार युवक को कुचला

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के रजापुर फाटक के पास तेज गति में आ रही बस ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच के दौरान पता चला कि चालक के पास बस चलाने के लिए लाइसेंस ही नहीं था।

मूल रूप से जनपद कौशांबी निवासी विनोद कुमार शर्मा छपरौला गांव में किराए पर रह रहा था। वह अपने घर से सुबह के समय साइकिल द्वारा रजापुर फाटक के पास डी के ट्रेडर्स में अपनी ड्यूटी पर जा रहा था। इस दौरान राज कंपाउंड के सामने तेज गति में आ रही बस ने विनोद कुमार की बाइक में टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगने से विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे बस चालक को लोगों ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। गंभीर हालत में विनोद कुमार शर्मा को पास के लिए (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कोर्ट में कमरे का ताला तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में चोरों ने कड़ी सुरक्षा वाले न्यायालय में भी सेंध लगा दी चोरों ने कोर्ट में चेंबर का ताला तोड़कर कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में न्यायालय के रीडर ने थाना कासना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय के कमर्शियल कोर्ट संख्या एक के रीडर राजेश बाबू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सुबह कार्यालय आया। उसने कर्मचारी विनोद कुमार के द्वारा मुख्य दरवाजा खुलवाया। दरवाजा खुलने के बाद जब वह अंदर गया तो कोर्ट रूम का दरवाजा खुला हुआ था और कमर्शियल कोर्ट संख्या एक के पीठासीन अधिकारी के चेंबर का ताला टूटा हुआ था। जब वह कोर्ट के अंदर आया तो उसे कंप्यूटर व कंप्यूटर से संबंधित सामान गायब मिला। उसने तुरंत पीठासीन अधिकारी को चेंबर का ताला टूटने की सूचना दी। रीडर राजेश बाबू के मुताबिक चोर कमर्शियल कोर्ट से कंप्यूटर में अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं। कड़ी सुरक्षा वाले न्यायालय में चोरी की घटना से तरह-तरह की चर्चा है।

## सड़क किनारे मिले तीन लोगों के शव

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थान पर चार लोगों की मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शवों का पोस्टमार्टम करा रही है। थाना फेस-2 क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर दो लोगों के शव सड़क किनारे पड़े हुए मिले। किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी की हौजरी कंपलेक्स बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### आठवीं मंजिल से गिरा प्लंबर, हुई मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के सेक्टर-137 की एक सोसायटी में काम करने के दौरान आठवीं मंजिल से गिरकर प्लंबर की मौत हो गई। प्लंबर की मौत के बाद परिजनों ने सोसायटी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। मूल रूप से जालौन निवासी वीरपाल गेझा गांव में किराए पर रह रहा था। वीरपाल प्लंबिंग का काम करता था। बीती शाम सेक्टर-137 स्थित पैरामाउंट फोर विला सोसाइटी में काम करने गया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### ट्रेन से गिरकर युवक मरा

थाना दादरी क्षेत्र के रिठौड़ी गांव के पास चलती ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि आज सुबह किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि रिठौरा गांव के पास रेलवे पुल पर एक युवक का लहू लुहान शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। घटनास्थल पर एक टूटा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। उन्होंने आशंका जताई कि संभवत देर रात्रि ट्रेन से गिरकर घायल हुए युवक की मौत हुई है।

## तीन मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी

**नोएडा।** शहर में अलग-अलग स्थान पर लगे तीन मोबाइल टावरों से चोरों ने आरआरयू व कीमती उपकरण चोरी कर लिए। कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के छिजरसी में लगे मोबाइल टावर से चोरों ने आर आर यू उपकरण चोरी कर लिए इस संबंध में स्टेट मैनेजर सुशांत त्यागी ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना फेस वन क्षेत्र के सेक्टर-14 की ग्रीन बेल्ट में लगे टावर से चोरों ने कीमती उपकरण चोरी कर लिए। मोबाइल टावर की देखरेख करने वाली एसजी एनकौन कंपनी के क्यू आर टी हेड कपिल पुंडीर ने मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं थाना सूरजपुर में स्टेट मैनेजर सुशांत त्यागी ने गुलिस्तानपर गांव में लगे मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है बता दें कि शहर में जगह-जगह लगे मोबाइल टावरों से आए दिन चोरी की वारदातें हो रही हैं।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक से लूटा मोबाइल

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-55/56 में मॉर्निंग वॉक कर रहे युवक से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। सेक्टर-56 बी ब्लॉक निवासी दीपक सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 28 जुलाई की सुबह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। वह वॉक करते हुए सेक्टर-55/56 की सड़क से जा रहे थे। इस दौरान वह अपने एक दोस्त से फोन पर बात कर रहे थे। बाइक पर पीछे से आए दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने शोर मचा कर बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन वह फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सेक्टर में लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## कार का शीशा तोड़ लैपटॉप चुराया

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-76 में एक व्यक्ति की कार का शीशा तोड़कर चोरों ने लैपटॉप व कार के कागजात चोरी कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सेक्टर-72 में रहने वाले कुणाल रस्तोगी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह 6 जुलाई को सेक्टर-76 में किसी से मिलने के लिए आया था। उसने अपनी कार सोसायटी के बाहर खड़ी कर दी और परिचित से मिलने के लिए चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसे कार का शीशा टूटा हुआ मिला। चोर उसकी कार में रखे लैपटॉप व कार के कागजातों को चोरी कर ले गए थे। थाना प्रभारी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## जलाभिषेक कर रही महिला के गले से तोड़ी सोने की चेन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर डेल्टा-2 में स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ा रही महिला के गले से एक बदमाश ने सोने के चेन छीन ली और फरार हो गया। मंदिर में घटित हुई पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। महिला के बेटे ने थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।



सेक्टर डेल्टा-2 में रहने वाले एडवोकेट बी शर्मा ने बताया कि उनकी मां श्रीमती गीता शर्मा 29 जुलाई की सुबह अपने घर से पड़ोस में ही स्थित मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए गई थी उनकी मां शिवलिंग पर जल चढ़ा रही थी इस दौरान पीछे से एक व्यक्ति ने उनके गले से सोने के चेन तोड़ ली। उनकी मां ने तुरंत शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी।

लेकिन तब तक बदमाश मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के पड़ताल की तो एक व्यक्ति गीता शर्मा के गले से चेन झपट्टा हुआ दिखाई दिया।

## दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-24 में एक व्यक्ति ने अपने दामाद उसके भाई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में मारपीट के रूप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि दहेज को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित कर मारपीट करते हैं। मूल रूप से कन्नौज के रहने वाले प्रकाश चंद्र ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने 25 अप्रैल 2024 को अपनी बेटी की शादी सेक्टर 22 जे ब्लॉक निवासी अमित के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया गया। उसका दामाद अमित व उसका भाई सुमित दोनों उसकी बेटी के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## देह व्यापार कराने वाले गिरोह पर गैंगस्टर

**नोएडा (चेतना मंच)।** बालिग व नाबालिग लड़कियों को झांसे में लेकर उनसे देह व्यापार कराने वाले गिरोह के 7 सदस्यों के खिलाफ थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट में एक महिला को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व एक होटल पर छापा मारकर इस गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि फरमान, अजहरुद्दीन उर्फ अज्जू, मोहम्मद फैयाज, सुरेंद्र यादव, मोहम्मद नजरुल, रहमान उर्फ बबलू और श्रीमती रीमा खातून उर्फ रुखसाना



उर्फ नूरसबा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत पूर्व में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी फरमान द्वारा संगठित गिरोह बनाकर बालिग एवं नाबालिग लड़कियों को झांसे में लेकर उनसे देह व्यापार कराकर आर्थिक लाभ कमाया जा रहा था।

## टेंपू चालक को पड़ोसियों ने पीटा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में घर के सामने टेंपू खड़ा करने को लेकर पड़ोसियों ने टेंपो चालक की पिटाई कर दी। टेंपो चालक को बचाने आए उसके बेटे के साथ भी पड़ोसियों ने मारपीट की। टेंपो चालक ने थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कराया है। चोटपुर कॉलोनी निवासी राकेश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह टेंपो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। 28 जुलाई की रात्रि को वह (शेष पृष्ठ-3 पर)

### एनएमआरसी की बोर्ड बैठक सम्पन्न

## NMRC के राजस्व में बड़ा उछाल

### राजस्व में 31 फीसदी की वृद्धि

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) की 41वीं बोर्ड बैठक में कई एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई। इस दौरान वर्ष-2023-24 के वित्तीय स्टेटमेंट को मंजूरी प्रदान की गई। वित्तीय वर्ष-2023-24 के तृतीय तिमाही तथा चतुर्थ तिमाही की अंतरिक ऑडिट रिपोर्ट तथा सेक्रेटरियल ऑडिट रिपोर्ट को मंजूरी प्रदान की गई।

एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डा. लोकेश एम ने बताया कि



एनएमआरसी ने राजस्व तथा यात्रियों की संख्या में काफी प्रगति की है। वित्तीय वर्ष-2022-23 के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2023-24 में किराये के अलावा नॉन फेयर के मद में 31 फीसदी राजस्व (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जीएम पद पर प्रोन्नत हुए एसपी सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण में जनस्वास्थ्य विभाग में उप महाप्रबंधक (डीजीएम) के पद पर अपनी कुशल जिम्मेदारी निभा रहे एस.पी. सिंह को महाप्रबंधक पद पर प्रोन्नति मिली है। औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने विज्ञप्ति जारी कर प्रोन्नति की जानकारी दी।



श्री सिंह ने महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति होने पर प्राधिकरण के अधिकारी व कर्मचारी उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं। नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौ. राजकुमार समेत पूरी टीम ने भी एस.पी. सिंह को बधाई दी है। दरअसल विभिन्न पदों पर अपने कुशल संचालन व पारदर्शी तरीके से जिम्मेदारी निभाने पर शासन ने उनकी प्रोन्नति की है। अब वे महाप्रबंधक सिविल का कार्यभार देखेंगे।



# सरकार की जिम्मेदारी

क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, तिहाड़ जेल से ही, अपनी सरकार की जवाबदेही स्वीकार करेंगे? क्या वह यह भी स्वीकार करेंगे कि उनकी आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में सरकार और नगर निगम चलाने लायक नहीं है? क्या केजरीवाल अब दिल्ली वालों का आह्वान करेंगे कि चुनाव में 'आप' को बहुमत न दिया जाए? राजधानी दिल्ली में तीन युवाओं की जो दर्दनाक, त्रासद मौतें हुई हैं या ऐसे ही हादसे हो रहे हैं, क्या उनके पीछे भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की साजिश है? दिल्ली में मुख्यमंत्री केजरीवाल के नेतृत्व में निर्वाचित सरकार है। जेल में बंद होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री हैं। सर्वोच्च अदालत के नैतिक संकेत के बावजूद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया भी जेल में हैं। जो बचे-खुचे मंत्री हैं, वे सिर्फ बयानवीर हैं अथवा उपराज्यपाल पर दोषारोपण करने वाले नेता हैं। वे 'बेचारगी के प्रतिनिधि' हैं, जो बयान देने या जांच की लीपापोती के अलावा कुछ नहीं कर सकते। तो फिर 'मंत्री' क्यों बने बैठे हैं? इस्तीफा देकर, सडक़ पर उतर कर, लोकतंत्र की लड़ाई क्यों नहीं लड़ते? दिल्ली में सरकार 'आप' की है और नगर निगम पर भी वह काबिज है। मेयर शैली ओबरॉय 'आप' की ही नेता हैं। इन जवाबदेहियों का जिक्र इसलिए करना पड़ रहा है या ये सवाल इसलिए उठाए जा रहे हैं कि राजधानी दिल्ली में विधानसभा स्तर पर जो सरकार है, वह गायब है, लिहाजा स्थानीय दिल्ली 'अनाथ' महसूस कर रही है। तीन युवा छात्रों की पानी के तेज बहाव में, एक इमारत के बेसमेंट में फंस कर, मौत हो गई। यह आपदा या हादसा नहीं, हत्याकांड है। उस इमारत में आईएएस की कोचिंग देने वाला प्रख्यात केंद्र चलता है, जिसके बड़े-बड़े विज्ञापन अखबारों में छपते हैं और युवा छात्रों को आकर्षित करते रहे हैं। यह केंद्र कोचिंग देने की फीस लाखों में लेता है, लेकिन सुविधा और सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। उस इमारत के बेसमेंट में लाइब्रेरी बनाई गई है, जो कानूनन अवैध है। जो छात्र बच गए हैं, उनकी नियति ही ऐसी थी, अलबत्ता पानी का बहाव किसी बाढ़ से कम नहीं था। वहां इतना तेज पानी कैसे घुसा? इसी सवाल के गर्भ में तमाम भ्रष्टाचार और कदाचार निहित हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के पास मुखर्जी नगर की वह घटना आज भी याद आती है, जब आग से बचने के लिए युवा छात्रों ने खिड़कियों से ही छलांग लगा दी थी अथवा किसी रस्सी के सहारे, जलते हुए कमरे से, बाहर कूद पाए थे। कुछ मौतें भी हुई थीं। वहां भी आईएएस, आईपीएस बनने का सपना पाले युवा छात्र पढ़ते हैं। वहां भी बंदप्रायः कोचिंग सेंटर में आग लगी थी। अभी 4-5 दिन पहले दिल्ली के पटेल नगर में एक युवा करंट की चपेट में आकर मारा गया। वह भी आईएएस की तैयारी कर रहा था। ये आपराधिक नाकामियों की भयावह कथाएं हैं, लापरवाही को नंगा करती हैं, आखिर दिल्ली में ये हत्याकांड क्यों हो रहे हैं? व्यवस्था और निगरानी की बुनियादी और प्राथमिक जिम्मेदारी किसकी है? जाहिर है कि केजरीवाल की सरकार और 'आप' के नगर निगम की जिम्मेदारी है। ड्रेनेज सिस्टम और नालों की सफाई कौन देखेगा? दिल्ली में तो इतनी बारिश भी नहीं हुई है कि व्यवस्थाएं ही डूब जाएं। आईएएस कोचिंग सरीखे 550 से अधिक केंद्र दिल्ली में चल रहे हैं, जिनमें से 60-65 ही पूरी तरह 'वैध' हैं। अधिकतर इमारतों में अग्नि-सुरक्षा के न तो बंदोबस्त हैं और न ही प्रमाणपत्र हैं। उनका कोई क्या बिगाड़ सकता है, क्योंकि ऊपर तक 'मुंह में दही' जमाई हुई है। अब ये नजराने किस स्तर तक दिए जाते रहे हैं, यह जांच का विषय है, जिसका कोई ठोस निष्कर्ष कभी सामने नहीं आएगा। इस हत्याकांड के बाद युवाओं में आक्रोश है, वे विद्रोह पर उतारू हैं, हत्या का केस दर्ज किए जाने के आग्रह कर रहे हैं।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि प्रभु के चित्त में अपने भक्तों की हुई भूल-चूक याद नहीं रहती (वे उसे भूल जाते हैं) और उनके हृदय (की अच्छाई-नेकी) को सौ-सौ बार याद करते रहते हैं। जिस पाप के कारण उन्होंने बालि को व्याध की तरह मारा था, वैसी ही कुचाल फिर सुग्रीव ने चली॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सोइ करतूति बिभीषन केरी। सपनेहूँ सो न राम हियँ हेरी॥**
**ते भरतहि भेंटत सनमाने। राजसभाँ रघुबीर बखाने॥**

वही करनी विभीषण की थी, परन्तु श्री रामचन्द्रजी ने स्वप्न में भी उसका मन में विचार नहीं किया। उलटे भरतजी से मिलने के समय श्री रघुनाथजी ने उनका सम्मान किया और राजसभा में भी उनके गुणों का बखान किया॥

**दो0-प्रभु तरु तर कपि डार पर ते किए आपु समान।**
**तुलसी कहूँ न राम से साहिब सील निधान॥**

प्रभु (श्री रामचन्द्रजी) तो वृक्ष के नीचे और बंदर डाली पर (अर्थात कहाँ मर्यादा पुरुषोत्तम सच्चिदानन्दघन परमात्मा श्री रामजी और कहाँ पेड़ों की शाखाओं पर कूदने वाले बंदर), परन्तु ऐसे बंदरों को भी उन्होंने अपने समान बना लिया। तुलसीदासजी कहते हैं कि श्री रामचन्द्रजी सरीखे शीलनिधान स्वामी कहीं भी नहीं हैं॥

**राम निकाईं रावरी है सबही को नीक।**
**जौं यह साँची है सदा तौ नीको तुलसीक॥**

हे श्री रामजी! आपकी अच्छाई से सभी का भला है (अर्थात आपका कल्याणमय स्वभाव सभी का कल्याण करने वाला है) यदि यह बात सच है तो तुलसीदास का भी सदा कल्याण ही होगा॥

(क्रमशः..)

# महाराष्ट्र के राजभवन में 'तमिलनाडु के मोदी'

राजनीति के केंद्र में स्थापित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व विराट होकर उभरा है, इसके साथ यह भी सच है कि उनकी खास पहचान उनकी दाढ़ी है। साल 2013 में जब बीजेपी ने मोदी को प्रधानमंत्री पद का अपनी ओर से दावेदार बनाया था, उन्हीं दिनों एक तमिल टीवी पर चर्चा में तमिलनाडु के बीजेपी का एक चेहरा भी शामिल हुआ था। उस नेता ने अपनी पार्टी का दमदार तरीके से पक्ष रखा। उसका कार्यक्रम का ऐसा प्रभाव रहा कि उन्हें दर्शकों ने तमिलनाडु के मोदी के रूप में पुकारना शुरू कर दिया। तमिलनाडु के वही मोदी अब महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। जी हां, आपने ठीक समझा, तमिलनाडु के लोग सी पी राधाकृष्णन को तमिलनाडु के मोदी के रूप में भी जानते हैं।

1998 और 1999 के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीदवार के रूप में तमिलनाडु की कोयंबटूर सीट से लोकसभा पहुंच चुके सीपी राधाकृष्णन को दक्षिण भारतीय जहां सीपी के नाम से जानते हैं, वहीं उत्तर भारत में अब वे राधा जी के नाम से भी जाने जाते हैं। शुद्ध शाकाहारी और पूजा-पाठ में श्रद्धा रखने वाले सीपी राधाकृष्णन को पहली बार महत्वपूर्ण राजकीय पद साल 2023 में मिला, जब उन्हें मोदी सरकार ने झारखंड का राज्यपाल मनोनीत किया। 12 फरवरी 2023 का दिन उनके लिए खुशी और निराशा, दोनों का मौका बनकर आया। जब मोदी सरकार ने उन्हें खनिज और प्राकृतिक संपदा से भरपूर झारखंड राज्य का राज्यपाल का दायित्व मिलना मामूली बात नहीं, लेकिन 66 साल की उम्र राजनीति में बहुत ज्यादा नहीं मानी जाती। सीपी इस बात से किंचित निराश थे कि अब उन्हें सक्रिय राजनीति से दूर होना पड़ेगा। वैसे सीपी की दिली चाहत सक्रिय राजनीति में रहते हुए महत्वपूर्ण राजनीतिक दायित्व को निभाना रहा है।

सीपी राधाकृष्णन की बीजेपी की राजनीति में क्या अहमियत है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते आम चुनावों से ठीक पहले जब तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सोंदरराजन ने इस्तीफा देकर चेन्नई से चुनाव लड़ने का फैसला किया तो तेलंगाना के राज्यपाल का प्रभार सीपी को ही मिला। इतना ही नहीं, उन्हें पुदुचेरी के उपराज्यपाल की भी जिम्मेदारी दी गई। एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी बहुत कितने लोगों को मिल पाई है?



**1998 और 1999 के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीदवार के रूप में तमिलनाडु की कोयंबटूर सीट से लोकसभा पहुंच चुके सीपी राधाकृष्णन को दक्षिण भारतीय जहां सीपी के नाम से जानते हैं, वहीं उत्तर भारत में अब वे राधा जी के नाम से भी जाने जाते हैं।**

सीपी राधाकृष्णन का जन्म एक ऐसे परिवार में हुआ, जहां कांग्रेस का बोलबाला था। उनके चाचा कोयंबटूर से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रहे। सीपी बताते हैं कि पहली बार वे दिल्ली अपने चाचा के पास ही आए थे और उनके घर पर रहकर ही दिल्ली देखी थी। चार मई 1957 को तमिलनाडु के त्रिपुर में जन्मे राधाकृष्णन कांग्रेसी पारिवारिक पृष्ठभूमि होने के बावजूद कांग्रेस की बजाय समाजवादी युवा आंदोलन से जुड़े। जनता पार्टी के दौर में तमिलनाडु में पार्टी अध्यक्ष रहे इरा सेझियन से सीपी राधाकृष्णन का गहरा नाता रहा। 1983 की जनवरी में तत्कालीन जनता पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर ने भारत यात्रा शुरू की थी। तब तमिलनाडु में उनकी यात्रा से जुड़े आयोजनों की व्यवस्था में 28 वर्षीय युवा सीपी ने अहम भूमिका निभाई। तब चंद्रशेखर की उन पर नजर पड़ी।

बाद में रोजगार के लिए होजरी के कारोबार से जुड़े सीपी का नाता शरद यादव से भी रहा। राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार के दौरान शरद यादव कपड़ा राज्यमंत्री थे। उन दिनों उन्होंने कोयंबटूर का दौरा किया था, तब शरद यादव के लिए सीपी ने भोज दिया था।

बाद के दिनों में सीपी भाजपा से जुड़ गए और देखते ही देखते भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष बना दिए गए। उनकी अध्यक्षता में ही बीजेपी ने 1998 और 1999 का चुनाव लड़ा और चार सीटों पर जीत हासिल की। पहली बार जहां पार्टी का जयललिता की एआईडीएमके से समझौता था तो दूसरी बार डीएमके के साथ पार्टी चुनाव मैदान में उतरी। यह बात और है कि उन्हें बाद में चुनावी जीत हासिल नहीं हो पाई। 2004, 2014 और 2019 के चुनावों में उन्हें पार्टी ने लगातार कोयंबटूर से उम्मीदवार बनाया, लेकिन हर बार उन्हें हार ही मिली। सिर्फ 2009 में उन्हें पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। सीपी राधाकृष्णन की अब व्यस्तता बढ़ गई है। अन्यथा दिल्ली में सांसद रहने के दौरान उनका घर सबके लिए खुला रहता था। सीपी राधाकृष्णन के पिता जी बेहद सहज थे। वे जीवन बीमा निगम के लिए काम करते थे। उनकी पत्नी गृहिणी हैं, जबकि बेटा मानचेस्टर से टेक्सटाइल इंजीनियरिंग करके कोयंबटूर में पारिवारिक होजरी और स्पिनिंग प्रोडक्शन का कारोबार देखता है। सीपी की एक बेटी भी है। जो अपनी पारिवारिक जिंदगी में व्यस्त है। कांग्रेसी परिवार में जन्म लेकर समाजवादी धारा की राजनीति के जरिए बीजेपी में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश की आर्थिक राजधानी के राजभवन पहुंचना मामूली बात नहीं है। मौजूदा माहौल में महाराष्ट्र की राजनीति राज्यपाल के बेहद चुनौतीपूर्ण है। अगर थोड़ी भी ऊंचनीच हुई तो राज्यपाल पर ही सबसे भार होगा। देखना है कि सीपी आने वाली चुनौतियों का सामना करते हैं...

**-उमेश चतुर्वेदी**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# सरकारी नीतियों से परिवर्तन की उम्मीदें

हिमाचल प्रदेश सरकार तथा शिक्षा विभाग गुणवत्तापूर्ण तथा समग्र शिक्षा की धरातलीय पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए अनेकों बड़े फैसले ले रहा है। वर्ष 2022 में प्रदेश में सरकार परिवर्तित हुई और व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ वर्तमान सरकार ने कार्य करना शुरू किया। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग सबसे बड़ा महकमा है। यदि प्रदेश की शिक्षा पद्धति मजबूत तथा सुदृढ़ हो जाए तो समाज में अनेकों समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी। वर्तमान में शिक्षा प्रणाली में अनेकों विसंगतियां उत्पन्न हो गई हैं। कुछ स्कूलों से बच्चों की संख्या गायब हो गई तो कहीं पर शिक्षकों के अभाव के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण अनेक समस्याएं उजागर होती रहती हैं। प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षक सेवाएं देने को तैयार नहीं होते हैं। ऐसे में शिक्षक वर्ष भर अपने पसंद के स्टेशनों के चक्कर में लगे रहते हैं। जिन शिक्षकों की राजनीतिक पहुंच अच्छी होती है, वे कई वर्षों तक इन मनपसंद के स्टेशनों पर तैनाती पाने में सफल रहते हैं। इससे शिक्षक-छात्र अनुपात भी प्रभावित होता रहा है। कुछ शिक्षक तो अपना मूल शिक्षक का कार्य छोडक़र कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश सरकार ने 25 जुलाई 2022 को कैबिनेट मीटिंग में इन विसंगतियों को दूर करने का एक बेहतरीन निर्णय लिया जिसमें 0 से 5 तक की संख्या से कम स्कूलों को बंद करने का निर्णय तथा वर्ष भर में शैक्षणिक सत्र के उपरांत ही तबादले होंगे। अनावश्यक शिक्षकों का युक्तिकरण किया जाएगा ताकि हर सरकारी स्कूल तक शिक्षकों की पहुंच सुनिश्चित हो सके। प्रदेश के सरकारी स्कूलों से छात्रों की गायब होती संख्या तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था के लिए यह निर्णय भविष्य में प्रदेश की शिक्षा पद्धति को सुदृढ़ करेगा। शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 20 वर्ष में सरकारी स्कूलों से 5.12 लाख विद्यार्थी कम हुए हैं।

इनमें 3.32 लाख विद्यार्थी केवल प्राथमिक स्कूलों में कम हुए हैं, जबकि इसी अवधि के बीच निजी स्कूलों में कई लाख विद्यार्थी बढ़े हैं। 80 प्रतिशत प्राथमिक स्कूलों में 50 से कम विद्यार्थी हैं। शिक्षा विभाग ने मंत्रिमंडल की बैठक में बताया कि प्रति छात्र 37 हजार रुपए खर्च किया जा रहा है। इतनी धनराशि खर्च करने के उपरांत भी यदि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में गिरावट दर्ज होती है तो यह चिंतनीय विषय है। प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों को निशुल्क में हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की बसों में यात्रा की सुविधा देती है। छात्रों को यदि 5 से 10 किलोमीटर की यात्रा भी करनी पड़े तो कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। स्कूलों की संख्या से ज्यादा स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधारभूत अवसंरचना, आधुनिक आईसीटी उपकरण तथा अनुशासन ज्यादा जरूरी है। यदि सरकारी स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन बढ़ेगी तो छात्रों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। प्रदेशवासियों को निजी स्कूलों की मनमानी तथा भारी भरकम फीस से भी निजात मिलेगी।

प्रदेश के स्कूलों में शिक्षक प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करके नौकरी प्राप्त करते हैं। उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती। यदि सरकार सही व्यवस्था अपनाए और अपने शिक्षकों को प्रोत्साहित करके उनकी समग्र ऊर्जा शिक्षा के उत्थान पर लगाए तो



**प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य स्कूल शिक्षक पुरस्कार योजना 2024 की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य को पहचानना और सम्मानित करना है। इस योजना के तहत कम से कम 5 साल का शिक्षण अनुभव रखने वाले शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए चुने गए शिक्षकों का विभिन्न मानदंडों पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिसमें पिछले पांच वर्षों में उनके छात्रों का शैक्षणिक प्रदर्शन भी शामिल है।**

सरकारी स्कूलों की खोई हुई प्रतिभा पुनः वापस लाई जा सकती है। सरकार ने इस दिशा में दो महत्वपूर्ण कदम भी उठाए हैं। प्रथम, शिक्षकों को विदेशों में एक्सपोजर विजिटर टूअर तथा शिक्षा पुरस्कार नीति में बदलाव करके शिक्षकों के कार्य को प्रोत्साहित तथा अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाने का अहम फैसला लिया है। प्रदेश सरकार ने हाल ही में राज्य स्कूल शिक्षक पुरस्कार योजना 2024 की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य को पहचानना और सम्मानित करना है। इस योजना के तहत कम से कम 5 साल का शिक्षण अनुभव रखने वाले शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए चुने गए शिक्षकों का विभिन्न मानदंडों पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिनमें पिछले पांच वर्षों में उनके छात्रों का शैक्षणिक प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं और शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी शामिल है। इस योजना के तहत कुल 30 शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें से 15 शिक्षक सामान्य क्षेत्रों से, 9 शिक्षक आदिवासी क्षेत्रों से और 6 शिक्षकों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। उम्मीदवारों को पिछले पांच वर्षों में 75 प्रतिशत से अधिक बोर्ड परिणाम प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को पिछले पांच वर्षों में किसी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। यह पुरस्कार एक शिक्षक को अपने पूरे सेवाकाल में केवल एक बार दिया जाएगा।

यह योजना प्रदेश के शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत साबित होगी और उन्हें बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित करेगी। प्रदेश सरकार के इन नवीनतम आधारभूत निर्णयों से शिक्षण व शिक्षा जगत में नई क्रांति का आगाज होगा तथा सरकारी स्कूलों की शिक्षा पद्धति समाज के हर गरीब बच्चे के सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। जरूरत इस बात की भी है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से निजात दिलाई जाए। आम तौर पर शिक्षकों को मिड डे मील, चुनाव कार्य, सर्वे के कार्य तथा अनेक अन्य काम सौंप दिए जाते हैं। इसके कारण कई बार तो शिक्षकों के लिए पाठ्यक्रम पूरा करवाना ही मुश्किल हो जाता है। फिर जैसे तैसे यह काम जल्दबाजी में निपटा दिया जाता है। इसका असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता है। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। तभी हिमाचल में गुणवत्ता वाली शिक्षा का सपना पूरा हो पाएगा। कम छात्र उपस्थिति वाले जिन स्कूलों का विलय होगा, उनका स्टाफ जरूरत वाले स्कूलों में लगाना चाहिए।

**-कर्म सिंह ठाकुर**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

**श्रावण कृष्ण पक्ष : एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापार बहुत अच्छा। धन आगमन हो रहा है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। समाज में सराहना होगी। आपका कद बढ़ा रहेगा। शुभता के प्रतीक बनेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
मन परेशान रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। पार्टनरशिप की कुछ अच्छी स्थिति बन सकती है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा का योग। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम-संतान बहुत अच्छा, व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान का साथ व व्यापार बहुत अच्छा

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
थोड़ा बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। चोट-चपेट लग सकती है। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आनंददायक जीवन गुजारेंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है, प्रेम-संतान का साथ है। व्यापार बहुत अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रुवत व्यवहार करने वाले मित्रवत व्यवहार करेंगे। गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि। घर में कुछ उत्सव। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मीन राशि की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। पहले से बेहतर होगा स्वास्थ्य। प्रेम-संतान बहुत तरक्की करते हुए दिख रहे हैं।

# डीएम ने जगनपुर और मझावली के बीच प्रस्तावित लिंक रोड का किया दौरा



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और एडीएमएलए बच्चू सिंह ने पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ जगनपुर और मझावली के बीच बनने वाले लिंक रोड का मौक़े पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जिला अधिकारी ने बताया कि जल्द ही किसानों और सभी अधिकारियों के साथ बैठकर किसानों के मुआवज़े का मुद्दा जल्द सुलझा लिया जाएगा।

इस संबंध में किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा की बैठक में किसानों और ज़िला अधिकारियों के बीच सकारात्मक बातचीत हुई है अधिकारियों ने जल्द ही बैठक कर मुआवज़े का मुद्दा सुलझाने का आश्वासन दिया है रोड निरीक्षण के बाद जिला अधिकारी कृष्ण नागर के आवास पर पहुँचे और किसानों से मुलाक़ात की एसडीएमएलए बच्चू सिंह ने कहा कि वह किसानों के साथ बैठकर जल्द समस्या का हल निकालेगे।

## जरूरतमंदों को कराया निःशुल्क भोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** जरूरतमंद लोगों की सेवा में रात दिन लगी दीदी की रसोई ट्रस्ट ने 30 जुलाई 2024 को ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में सेक्टर-71, नोएडा चौराहे के पास गरीब जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण किया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# सीटू के बैनर तले श्रमिकों ने किया प्रदर्शन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकल जाने के विरोध में वैलोसिस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ए- 11 व 25, सेक्टर- 67, नोएडा के संविदाकार मैसर्स प्रोमाइंड इन्टीग्रेटेड मैनेजमेंट के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों ने कांटेक्ट लेबर इंप्लाइज यूनियन 'सीटू' के बैनर तले यूनियन के महामंत्री व सीटू जिला महासचिव रामसागर, जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव रामस्वारथ, सदस्य विवेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कंपनी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया।

धरनारत श्रमिकों को कंपनी के संविदाकार और श्रम विभाग द्वारा समस्या के समाधान का लिखित आश्वासन दिए जाने और मुद्दे के समाधान के लिए अपर श्रम आयुक्त गौतमबुद्ध नगर के समक्ष 06 अगस्त 2024 को पक्षो को नोटिस जारी कर वार्ता की तारीख निश्चित किया गया। उक्त आधार पर यूनियन ने वैलोसिस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के समक्ष चल रहा धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि यदि 6 अगस्त को अपर श्रम आयुक्त के समक्ष प्रस्तावित वार्ता में समस्या का समाधान नहीं निकला तो कंपनी के समक्ष फिर से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# जेलों में कैदियों को दिया जा रहा है रोजगार : रविन्द्र

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के प्रदेश सहायक सचिव रविंद्र शर्मा (तुगलपुरिया) ने कहा कि प्रदेश की जेल में कैदियों को बेहतर रोजगार एवं साफ सफाई की व्यवस्था उपलब्ध हो इसके लिए समिति निरंतर समय-समय पर जेलों का निरीक्षण कर प्रयास करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समिति के अध्यक्ष डॉक्टर उमेश शर्मा द्वारा भी इसको लेकर कई बार शासन में बैठक कर सुझाव दिये गये। रविंदर शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जेलों में बंद कैदियों के लिए रोजगार उपलब्ध हो इस पर भी तेजी के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी जेलों में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में सत्ता सीन हुई है तभी से जेलों को बेहतरी की ओर समिति ले जाने का काम कर रही है। रविंद्र शर्मा ने कहा कि जेलों में अब कई तरह के रोजगार कैदियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे उन्हें मुनाफा भी हो रहा है। यही नहीं जिलों में अब साफ सफाई एवं खान-पान में भी परिवर्तन लाया गया है।



# स्व कवि शुभम श्रीवास्तव ओम की जयंती, श्रद्धा सुमन अर्पित

**मिर्जापुर ( चेतना मंच )।** स्थानीय तहसील सभागार में दिवंगत नव गीतकार शुभम् श्रीवास्तव ओम के जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार गणेश गंभीर कृत शुभम् श्रीवास्तव ओम को समर्पित दोहा संग्रह लोक गया नेपथ्य में का लोकार्पण जानी मानी शिक्षाविद डॉ0 शीला सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ अनुज प्रताप सिंह, डॉ भुवनेश्वर, डॉ रमाशंकर यादव, भोलानाथ कुशवाहा, राजेंद्र त्रिपाठी लल्लू तिवारी, आदि ने विमोचित कृत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शुभम् श्रीवास्तव ओम को भावांजलि अर्पित की।

अतिथियों का स्वागत पूजा यादव ने किया एवम धन्यवाद ज्ञापन लेखपाल संघ की अध्यक्ष बेनू यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शीला सिंह ने व संचालन श्याम अचल और रामाश्रय ने किया।

इस अवसर पर समारोह में श्री राम, बेबी विश्वकर्मा, अरविंद पांडेय, राहुल , रवि शंकर, सुरेंद्र , अवनीश , नंदिनी वर्मा, केदारनाथ सविता, मंजू चौरसिया, दिनेश चौरसिया ,आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती प्रतिमा के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात शुभम् श्रीवास्तव ओम के चित्र पर लोगों ने पुष्प अर्पित किया।



# अपनी ही सरकार में वनवास काट रहे हैं कई भाजपाई

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद भी भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नौकरशाही पर लगाम लगाने में पूरी तरह से असफल दिख रही है। जिले के भाजपा के कई दिग्गज नेता अपनी ही सरकार में वनवास काटने को मजबूर हैं। सूत्र बताते हैं कि इन भाजपाइयों की हालत ऐसी है कि इनकी सिफरिश सिपाही भी सुनने को तैयार नहीं है। प्रभारी मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक रोना रोने के बाद भी जनपद के दिग्गज भाजपा नेताओं का वनवास खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यदि यही हाल रहा तो 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश के आम विधानसभा चुनाव में पार्टी को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। लोकसभा चुनाव का जब परिणाम आया तो लखनऊ से लेकर दिल्ली तक भाजपा में मंथन का दौर शुरू हुआ एक महीने के मंथन के बाद सब ठंडे बस्ते में चला गया। पार्टी कार्यकर्ताओं का सारा दुख दर्द फाइलों में दबाकर रह गया भारतीय जनता पार्टी के कई नेता दबी जुबान से यह कहते हैं कि जब हमारी कोई सुनने को तैयार ही नहीं है तो हम पार्टी के लिए काम क्यों करें।

# वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दनकौर कस्बे में स्थित वक्फ बोर्ड की जमीन पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर उस पर बड़े-बड़े फ्लैट एवं दुकान बना दिया। इस मुद्दे को लेकर अभी भी नगर पंचायत के अधिकारी कुम्भकर्णी नींद में है।

बताते चलें कि दनकौर में करीब 12 बीघे से अधिक करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन वक्फ बोर्ड की खाली पड़ी थी जिस पर भूमाफियाओं का कब्जा धीरे-धीरे होता चला गया इस विषय को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है दनकौर नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत से फर्जी रसीद काटकर वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा कर लिया गया। इस पर बड़ी-बड़ी इमारतें भी खड़ी कर दी गई है अब देखना यह है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का इन भू-माफियाओं पर हंतर चलता है या नहीं या तो भविष्य के गर्भ में है।



# रोबोटिक टेक्नोलॉजी ने क्रांतिकारी बदलाव लाए : डॉ. डी.के. गुप्ता

**गुरूग्राम ( चेतना मंच )।** द वेस्टिन होटल और रिसॉर्ट गुरूग्राम में ईटी हेल्थ सम्मेलन 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञ से जुड़े लोगों ने अपने अनुभवों को साझा किये।

फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने स्वास्थ्य में रोबोटिक टेक्नोलॉजी विषय पर बोलते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में रोबोटिक टेक्नोलॉजी ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं, जिससे उपचार की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार हुआ है। यहां कुछ मुख्य क्षेत्र हैं जहां रोबोटिक टेक्नोलॉजी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सर्जरी में रोबोटिक सिस्टम यानी की डाविंची सर्जिकल सिस्टम यह सबसे प्रसिद्ध रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम है जो डॉक्टरों को अत्यंत सटीकता के साथ जटिल सर्जरी करने की अनुमति देता है। इसका उपयोग विभिन्न प्रकार की सर्जरी में किया जाता है, जैसे कि प्रोस्टेटेक्टॉमी, हार्ट वाल्व रिपेयर, और गैस्ट्रिक बाईपास। मिनिमली इनवेसिव सर्जरी रोबोटिक टेक्नोलॉजी छोटे चीरे के माध्यम से सर्जरी करने में मदद करती है, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव, और तेजी से रिकवरी होती है।

रीहैबिलिटेशन और फिजिकल थेरेपी रोबोटिक एक्सोस्केलेटन ये पहनने योग्य उपकरण मरीजों को चलने, उठने और अन्य मोटर गतिविधियों में मदद करते हैं, विशेषकर उन लोगों के लिए जो स्पाइनल कॉर्ड इंजरी या स्ट्रोक से ग्रस्त हैं। रोबोटिक थेरेपी डिवाइसेस ये उपकरण मांसपेशियों और जोड़ों की गति को बढ़ाने और पुनर्वास प्रक्रिया को तेज करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। डायग्नॉस्टिक्स और इमेजिंग यानी की रोबोटिक स्कैनर ये उच्च सटीकता के साथ इमेजिंग प्रक्रियाओं को अंजाम देते हैं, जिससे डॉक्टरों को बीमारियों का बेहतर निदान करने में मदद मिलती है। रोबोटिक बायोप्सी सिस्टम ये सिस्टम बायोप्सी प्रक्रियाओं को अधिक सटीक और कम आक्रामक बनाते हैं। रोबोटिक टेक्नोलॉजी के इन नवाचारों ने स्वास्थ्य सेवा को अधिक कुशल, सटीक और रोगी-केंद्रित बना दिया है। आने वाले वर्षों में, इस क्षेत्र में और भी अधिक प्रगति की उम्मीद की जा सकती है, जिससे स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता और भी बेहतर हो सकेगी।




# जनता बिलबिलाती रही एसडीओ जेई सोते रहे

**नोएडा( चेतना मंच )।** उमस भरी गर्मी में लोग बिजली के लिए बिल बिलाते रहे और एसडीओ एवं जेई पूरी रात सोते रहे। यहां तक की उपभोक्ता फोन घनघनाते रहे। लेकिन इन दोनों अधिकारियों ने फोन भी उठाना उचित नहीं समझा यह मामला बरौला के हनुमान बिहार का है कल रात 11.00 बजे अचानक बिजली के ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जल उठा और सैकड़ो घर अंधेरे में डूब गए डिवीजन 5 में तैनात एसडीओ अजय यादव एवं जेई धर्मेंद्र समस्या का समाधान करने की बात तो दूर रही उपभोक्ताओं का फोन भी उठाना उचित नहीं समझे 20 घंटे से अधिक बिजली की आपूर्ति ठप रही और लोग हलाकान होते रहे और यह दोनों अधिकारी सोते रहे। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा अधिकारियों को लोगों की समस्याओं को लेकर नसीहत देते रहते हैं।

लेकिन मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की नसीहत इन अधिकारियों के ऊपर लागू नहीं होती है। मजे की बातें है कि डिविजन 5 में तैनात अधिशासी अभियंता का भी फोन काफी प्रयास के बाद भी नहीं उठा दोबारा नियुक्ति पर आये अधिशासी अभियंता उपभोक्ताओं की समस्या से दूर हैं।

# इफको इंप्लाइज यूनियन का चुनाव 6 अगस्त को

**प्रयागराज ( चेतना मंच ब्यूरो )।** इफको फूलपुर इकाई में इफको इम्पलाइज यूनियन चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा चुनाव अधिकारी पी.के.पटेल ने की। नामांकन 31 जुलाई एव 01 अगस्त प्रातः 11.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे तक पुराने एच.ब्लाक में होगा। नामांकन पत्रों की जाँच 01 अगस्त, वैध उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन 01 अगस्त, नाम वापसी 02 अगस्त, उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन एवं सूची का प्रकाशन का प्रकाशन 02 अगस्त, मतदान 06 अगस्त प्रातः 05.30 से अपराह्न 03.30 बजे तक कैन्टीन हॉल में सम्पन्न होगा। मतगणना 06 अगस्त सायं 04.00 बजे से तथा चुनाव परिणाम 06 अगस्त को जारी होंगे। इम्पलाइज यूनियन का चुनाव अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त मंत्री (संगठन), संयुक्त मंत्री (प्रचार), कोषाध्यक्ष, सहायक मंत्री, कार्यकारी सदस्य पदों पर होना है।

# किशोरी को भगा ले गया पड़ोसी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के देवला गांव से पड़ोस में रहने वाला एक युवक नाबालिक किशोरी को भगा कर ले गया। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

देवला गांव में किराए पर रहने वाली पूजा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह परिवार के साथ मेहनत मजदूरी कर अपना गुजर बसर कर रही है। 27 जुलाई को वह काम पर चली गई। घर में उसकी (17 वर्षीय) बेटी अकेली थी शाम को जब वह काम कर वापस घर लौटी तो उसकी बेटी गायब मिली। उसने जब अपनी बेटी की खोजबीन की तो पता चला कि पड़ोस में रहने वाला प्रशांत उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की तलाश की जा रही है।

## नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ओमधन सिंह पुत्र श्री भीम सिंह निवासी ग्राम- पाली, जनपद गौतमबुद्ध नगर (उप्र) एतदद्वारा घोषणा करता हूं कि महक तथा महक भाटी ( जन्मतिथि 7-7-2010 है) मेरी बेटी के नाम हैं। दोनों नाम एक हैं। अब भविष्य में सभी प्रयोजनों तथा उददेश्यों हेतु मेरी बेटी का नाम महक के स्थान पर महक भाटी लिखा तथा समझा जाए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**झुग्गी में लगी...**

जिसमें दौलतराम अपनी पत्नी और तीन बेटियों (10 वर्षीय) आस्था, (7 वर्षीय) नैना और (5 वर्षीय) आराध्या के साथ रह रहे थे। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने तुरंत मौके पर पहुंच कर आग पर को पा लिया।

सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि आग बुझाने के बाद जांच के दौरान पता चला कि कमरे में पांच लोग सोए हुए थे जिसमें तीन बच्चियों की इस घटना में झुलसने से मौत हो गई, जबकि दौलतराम भी बुरी तरह झुलस गए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उनकी गंभीर हालत देखते हुए दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया है।

सीएफओ ने बताया कि 10X7 के कमरे में संभवतः शार्ट-सर्किट से आग लगी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

**जाति पूछने पर...**

सांसद ने यहां तक कह दिया कि एक नेता ने खड़े होकर कमल पर कटाक्ष किया, लेकिन कमल का नाम तो राजीव भी है। ऐसे में जोरदार हंगामा हुआ। आज बुधवार को भी लोकसभा में अनुराग ठाकुर के बयान को लेकर हंगामा हुआ। विपक्ष के नेता अनुराग ठाकुर से माफी की मांग को लेकर अड़े हुए थे।

**भाजपाईयों ने सीएम...**

साहब अंबेडकर को पढ़े। अखिलेश ये एक बार फिर दोहराया कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा पीएडी से घबराई हुई है।

**जातीय जनगणना...**

आरक्षण की तरह ही राष्ट्रीय जातीय जनगणना जनहित का एक ख़ास राष्ट्रीय मुद्दा, जिसके प्रति केन्द्र को गंभीर होना जरूरी। देश के विकास में करोड़ों ग़रीबों-पिछड़ों व बहुजनों का भी हक, जिसकी पूर्ति में जातीय जनगणना की अहम भूमिका।

**सड़क किनारे मिले...**

पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब (40 वर्ष) के आसपास है। इसी थाना क्षेत्र के केंट आरो चौराहे के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंची जांच चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस दोनों शवों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के बिरोंडी गांव में बने अंबेडकर भवन के पास एक व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला है कि उक्त व्यक्ति गांव में आसपास लावारिस हालत में घूमता रहता था और कहीं पर भी सो जाता था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। वहीं थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-74 में रहने वाले (70 वर्षीय) गेरालाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था।

**आठवीं मंजिल से...**

आठवीं मंजिल पर काम करने के दौरान संतुलन बिगड़ने की वजह से वह नीचे जमीन पर गिर गया। ऊंचाई से गिरने के कारण वीरपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सोसायटी कर्मियों द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उनसे मृत घोषित कर दिया।

**टेंपू चालक को...**

टेंपो लेकर अपने घर आया। वह अपने घर के बाहर टेंपो खड़ा कर रहा था। पड़ोस में रहने वाला रफीक और समीर उस से टेंपो को खड़ा करने को लेकर विवाद करने लगे। इस दौरान मोंटी व अनिल भी मौके पर आ गए। इन लोगों ने भी उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो चारों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। राकेश कुमार के मुताबिक झगड़ा होता देखकर उसका बेटा विकास मौके पर पहुंचा और उसे छुड़ाने का प्रयास किया। आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**तेज रफ्तार बस...**

आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। विनोद कुमार के 3 वर्ष तथा 6 माह की बेटी है। विनोद कुमार अकेला ही अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। पुलिस ने जब बस चालक से पूछताछ की तो पता चला कि वह बिना लाइसेंस के ही बस को दौड़ा रहा था। इस संबंध में मृतक विनोद कुमार के चचेरे भाई कमलेश प्रसाद शर्मा ने थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**एनएमआरसी के...**

की वृद्धि हासिल की है। वहीं यात्रियों की संख्या में 2022-23 के 36400 के मुकाबले 2023-24 में प्रतिदिन औसत यात्रियों की संख्या बढ़कर 47427 हुई। बोर्ड बैठक में एनएमआरसी के चेयरमैन जयदीप, प्रबंध निदेशक डा. लोकेश एम तथा अन्य बोर्ड के सदस्य मौजूद थे।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# व्यापारियों के बिना प्रदेश व देश की राजनीति संभव नहीं : डॉ. महेश शर्मा

## धूमधाम से मना उप्र युवा व्यापार मंडल का शपथ-ग्रहण व सम्मान समारोह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का प्रादेशिक व्यापारिक शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर-51 नोएडा में आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश के 28 जिलों के कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मे रूप से गौतमबुद्धनगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, महिला आयोग की प्रदेश अध्यक्षा बिमला बाथम, पुलिस एडिशनल कमिश्नर शिवहरि मीणा, डीसीपी रामबदन सिंह, समाजवादी पार्टी से दीपक विग, कैलाश हॉस्पिटल की डायरेक्टर पल्लवी शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इस समारोह का आयोजन करवाया गया।

डॉ. महेश शर्मा ने में पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने बताया कि भामाशाह सम्मान 2024 प्रदेश के 10 सर्वश्रेष्ठ समाज सेवियों को दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से स्व. श्री बी पी अग्रवाल, स्वर्गीय अशोक बंसल, डॉ. पल्लवी शर्मा, राजेश गुप्ता, महेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र चौहान, मुकेश गुप्ता, गौरव छाबड़ा, अमरजीत सिंह व राहुल गुप्ता को भामाशाह सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। मंच का संचालन महिला प्रकोष्ठ से निधि सहाय द्वारा किया गया। प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया ।



गौतमबुद्धनगर सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए व्यापारियों की एक बड़ी भूमिका है। व्यापारियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए और उनके व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए सरकार डिजिटल इंडिया के तहत विशेष कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना व्यापारियों के साथ प्रदेश और देश की राजनीति संभव नहीं है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से व्यापारी एक होंगे और सुख दुख का हिस्सा बनेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश में किसी भी व्यापारी को घबराने की ज़रूरत नहीं है। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल आपकी आवाज़ बनेगा। श्री जैन ने कहा कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए दुर्घटना बीमा कम से कम एक करोड़ रुपये का किया करवाया जाएगा। परिवार के लिए सरकारी नौकरी का प्रावधान की माँग की जाएगी।

पुलिस एडिशनल कमिशनर शिव हरि मीणा ने कहा कि व्यापारियों की ताक़त हमारी ताक़त है।

महिला आयोग की अध्यक्षा विमला बाथम ने कहा कि व्यापारियों का प्यार हमें सदैव मिलता है और हम हमेशा व्यापारियों के साथ है। सरकार व्यापार हितों में अनेक योजनाएं लेकर आ रही है।

चिकित्सा क्षेत्र में भामाशाह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डॉक्टर पल्लवी शर्मा ने कहा कि दीन दुखियो की सेवा करना हमारा फ़र्ज़ है द्य जब इसके लिए हमें कोई अवार्ड मिलता है तो हमारा और भी फ़र्ज़ बनता है कि हम समाज सेवा में अपना सर्वस्व दे।

प्रदेश प्रभारी कपिल सभरवाल ने कहा कि हम सब मिलकर व्यापार मंडल की ताक़त बनाएंगे और व्यापारियों की सेवा करेंगे। उन्होंने विकास जैन को प्रदेश का श्रेष्ठ व्यापारी नेता घोषित करते हुए अवार्ड देकर सम्मानित किया। ार्यक्रम में मुख्य रूप से नोएडा के विभिन्न सामाजिक संगठन इसमें मुख्य रूप से अगरवाल मित्र मंडल भारत विकास परिषद लॉयन्स क्लब भारतीय उद्योग व्यापार मंडल फोनरवा श्री श्याम सेवक परिवार हरियाणा परिवार ब्राह्मण महासभा युवा क्रांति सेना गो सदन नोएडा सांवरिया सेवा परिवार लव कुश रामलीला में अन्य अनेक संस्थाए सम्मिलित हुई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवनीत गुप्ता चेयरमैन प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन निखिल अग्रवाल परवीन गर्ग सचिन गोयल मनीष शर्मा शिवा चौहान भारत बंसल अमित गोयल कानपुर से कपिल सबरवाल संजय टंडन सुधीर गुप्ता सुभास गर्ग राजेश जिंदाल एडवोकेट विकल गुप्ता विनय जैन अंकुर बंसल रवि चौहान रघुनाथ सिंह पंकज अग्रवाल कुलदीप गुप्ता अनुज गुप्ता सचिन चतुर्वेदी मोहन लाल गुप्ता नरेश बंसल लघु अग्रवाल संदीप गुप्ता जय मंत विवेक अग्रवाल हिमांशु मित्तल ज्ञान चंद अग्रवाल नवीन अग्रवाल दीपक गर्ग ने मोतीलाल करण ग्रोवर सुंदर यादव अंकित गुप्ता सकते सिंह प्रदीप सिंह निधि सहाय वंदना गुप्ता कविता लोढ़ा पूजा गर्ग अर्चना आनंद दीपिका श्रेया मंजु बबीता व सूची गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# यूपीएसआईडीसी कॉलोनी में चोरी करने वाले पकड़े

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर पुलिस ने बीते दिनों यूपीएसआईडीसी कॉलोनी में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है इनके पास से तमंचा कारतूस व घर से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक सप्ताह पहले यूपीएसआईडीसी आवासीय कॉलोनी के मकान से चोरी करने वाले दो चोर गेट नंबर-3 के पास चोरी के समान के साथ खड़े हुए हैं सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों चोरों को घेर लिया। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने एक चोर को दबोच लिया। इसके पास से तलाशी में एक तमंचा कारतूस मोबाइल फोन चोरी किया गया। एलइडी दो घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए।

पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अजय बताया। पूछताछ में अजय ने बताया कि उसने अपने साथी अभिषेक के साथ मिलकर एक सप्ताह पहले यूपीएसआईडीसी कालोनी में चोरी की थी।

मकान से चोरी किए गए सिलेंडर व तांबे की मूर्ति को उन्होंने कासना में नदीम कबाड़ी की दुकान पर बेच दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस टीम नदीम कबाड़ी की दुकान पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। नाजिम की दुकान से खरीदे गए चोरी के दो सिलेंडर व मूर्तियां बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी नदीम को भी हिरासत में ले लिया।

# विद्युत कर्मियों को दी जान से मारने की धमकी

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

सेक्टर-99 में बिजली के खंभे पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहे विद्युत कर्मियों के साथ फॉर्च्यूनर कार सवार युवकों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। विद्युतकर्मी की शिकायत पर थाना सेक्टर-39 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सेक्टर-100 स्थित बिजली घर पर कार्यरत विद्युतकर्मी राहुल भारद्वाज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 29 जुलाई की रात्रि को सेक्टर-99 में अपने साथी विजय सिंह, किशन सिंह, राहुल शाक्य व जन्मेजय कुमार के साथ बिजली का फाल्ट ठीक कर रहे थे। इस दौरान काले रंग की फॉर्च्यूनर में आए एक युवक ने उनसे पूछा कि बिजली कब तक आएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही फाल्ट ठीक हो जाएगा और बिजली आ जाएगी। इसके बाद फॉर्च्यूनर कार से उतरे युवक ने गाली गलौज शुरू कर दी। उसके साथियों ने भी उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। गाली गलौज करने के बाद आरोपी अपनी कार में सवार होकर फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि विद्युतकर्मी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विद्युत कर्मी द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# उधार के पैसे मांगने पर दुकानदार को धुना

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर क्षेत्र के ग्राम दयानतपुर में उधार के पैसे मांगना एक दुकानदार को खासा महंगा पड़ा। पैसे मांगने से गुस्साए आरोपी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर दुकानदार व उसके पिता की पिटाई कर हाथ की हड्डी तोड़ दी। पीड़ित की शिकायत पर थाना जेवर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम दयानातपुर निवासी मनीष ने बताया कि वह गांव में ही मोमोस, चाऊमीन, बर्गर आदि की दुकान चलाता है। गांव का ही देवेंद्र पुत्र कांति अक्सर उसकी दुकान से खाने का समान उधार ले जाता था। देवेंद्र पर उधार के 1904 रुपए हो गए थे। 30 जुलाई को देवेंद्र उसकी दुकान पर सामान खरीदने आया। इस पर उसने अपने उधर के पैसों का तगादा कर दिया। उधर के पैसे वापस मांगने पर देवेंद्र तिलमिला गया और उसने गाली-गलौज कर उसे थप्पड़ मार दिया। आस-पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद देवेंद्र उसे देख लेने की धमकी देकर दुकान से चला गया। कुछ देर बाद देवेंद्र अपने भाई गूलर और राहुल के साथ आया और उसकी दुकान में तोड़फोड़ करने लगा। तीनों भाइयों ने हाथों में डंडे लिए हुए थे जिसे उन्होंने उसकी पिटाई शुरू कर दी। मनीष के मुताबिक इस दौरान उसके पिता ओमप्रकाश ने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके साथ में मारपीट की। मारपीट में उसके पिता के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। मारपीट के बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## चार जुआरी गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश की गड्डी व नगदी बरामद की है।

थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर-10 शिवानी फर्नीचर के पास कुछ लोग सड़क किनारे सरेआम हार जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जुआ खेल रहे चार जुआरियों को दबोच लिया।

पकड़े गए जुआरियों ने अपना नाम सलमान, अरमान, सलीम व रशीद बताया। इनके पास से ताश की एक गड्डी तथा दाव पर लगे 1030 रुपए बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## भतीजे पर धमकी देने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जारचा में एक व्यक्ति ने अपने भतीजे के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसका भतीजा उसके साथ आए दिन गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है।

ग्राम जमशेदपुरा निवासी यादराम में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके चचेरे भाई का लड़का राजपाल आए दिन उसके साथ गाली गलौज करता है उसके विरोध करने पर वह उसे जान से मारने की धमकी देता है। यादराम के मुताबिक उसने कई बार अपने भतीजे को प्यार से समझाया लेकिन उसकी हरकतें बंद नहीं हुई इसके बाद उसने परिवार तथा गांव के लोगों के साथ मिलकर भी उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन उसने गाली-गलौज करना बंद नहीं किया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जुआ खेलते 6 गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो ताश की गड्डी व 23500 रूपये बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि सल्लियान मोहल्ले में दीपक के घेर में खुले स्थान पर कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर मौके से 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम दीपक, राहुल, निर्मल, हरेंद्र, कैलाश व बृजेश बताये। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से दो ताश की गड्डी व 23500 रूपये बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।








पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने के बाद मनु भाकर ने कहा

# मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है

शैटोरॉक्स (एजेंसी)। निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनने की उपलब्धि हासिल करने पर कहा कि वह बहुत आभारी महसूस कर रही हैं। कांस्य पदक के प्लेऑफ में 13 शॉट के बाद दक्षिण कोरिया पर 16-10 की जीत दर्ज करने के बाद मनु और सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद मनु ने कहा, मुझे वास्तव में गर्व महसूस हो रहा है। यह उपलब्धि हासिल करने पर मैं बहुत आभारी महसूस कर रही हूं। यह सिर्फ आशीर्वाद है। सभी आशीर्वाद और प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पेरिस खेलों में यह मनु और भारत का दूसरा पदक था। 22 वर्षीय मनु के पास महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेने पर तीसरा पदक जीतने का भी मौका है।

**...जो भी हो हम स्वीकार करेंगे** - कांस्य पदक के प्लेऑफ में ली वोनहो और ओह ये जिन की दक्षिण कोरियाई टीम ने पहली सीरीज जीती। हालांकि भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए 8-2 की बढ़त बना ली। कोरिया ने वापसी की और मैच के दूसरे हाफ में रोमांचक मोड़ लिया, लेकिन भारत ने अपनी बढ़त को कभी नहीं खोया और जीत सुनिश्चित की।

### ओलंपिक में पदक जीतने वाले अन्य निशानेबाज

राज्यवर्धन सिंह राठौर - एथेंस 2004,
अभिनव बिंद्रा - बीजिंग 2008
विजय कुमार - लंदन 2012
गगन नारंग - लंदन 2012
मनु भाकर - पेरिस 2024

# 34 साल बाद भारत 2025 में टी20 एशिया कप की मेजबानी करेगा

### बांग्लादेश 2027 में करेगा आयोजन

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत 2025 में टी-20 फॉर्मेट में मेंस एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। यह 2026 में देश में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से पहले खेला जाएगा। भारत को मेंस एशिया कप के इतिहास में दूसरी बार मेजबानी मिली है। इससे पहले, 1990 में मिली थी।इसके बाद एशिया कप 2027 की मेजबानी बांग्लादेश करेगा। यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसी साल (2027 में) साउथ अफ्रीकी सरजमीं पर वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। एशिया क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) की ओर से जारी किए गए इनविटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (आईईओआई) डॉक्यूमेंट के मुताबिक, भारत 2025 में मेंस एशिया कप की मेजबानी करेगा, जो टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। वहीं, 2027 का एशिया कप बांग्लादेश की मेजबानी में होगा। 2027 का एशिया कप वनडे फॉर्मेट में ही होगा।




### भारत सबसे सफल टीम

एशिया कप का आयोजन एशियन क्रिकेट काउंसिल (एससी) करती है। भारत ने रिकॉर्ड 8 बार एशिया कप अपने नाम किया है। इनमें 7 बार यह वनडे फॉर्मेट में और 1 बार टी-20 फॉर्मेट में हुआ। भारत के बाद श्रीलंका सबसे कामयाब टीम है। वह 6 बार यह ट्रॉफी जीती है। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान है। वह 2 बार यह टाइटल जीता है।

### पिछला एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में खेला गया

एशिया कप के 2023 सत्र की मेजबानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 'हाईब्रिड मॉडल' पर की थी। भारत ने तब पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था और इसके अधिकतर मैच श्रीलंका में खेले गए थे।

### भारत में अब तक एक ही बार क्यों हुआ एशिया कप

भारत और पाकिस्तान के रिश्ते अच्छे नहीं रहे हैं इसलिए भारत और पाकिस्तान दोनों में बहुत कम एशिया कप हुए हैं। 2023 से पहले इन दोनों देशों में एक-एक एशिया कप ही हुआ। 2023 में पाकिस्तान को मेजबानी मिली तो भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई। भारत के मैच और फाइनल श्रीलंका में कराए गए। श्रीलंका और बांग्लादेश ढ्ढष्टष्ट की पॉलिटिक्स में भारत को सपोर्ट करते हैं। एशिया कप के जरिए ्रष्टष्टद्ध इन दो पार्टनर देशों को बड़े टूर्नामेंट होस्ट करने का मौका देता रहा है।

### बांग्लादेश ने सबसे ज्यादा 5 बार एशिया कप की मेजबानी की

भारत ने अब तक सिर्फ एक बार एशिया कप की मेजबानी की है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी सबसे ज्यादा 5 बार बांग्लादेश ने की है। सबसे पहले बार एशिया कप साल 1984 में यूएई में खेला गया था। यूएई और श्रीलंका ने 4-4 बार एशिया कप का आयोजन किया है। पाकिस्तान-भारत को बार 1-1 मेजबानी मिली है। वहीं पाकिस्तान और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से पिछले एशिया कप का आयोजन किया था। ऐसा दूसरी बार होगा जब एशिया कप की मेजबानी भारत करने जा रहा है। भारत को एशिया कप की मेजबानी मिलने के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान टीम भारत खेलने आएगी। भारत ने पिछले साल एशिया कप के लिए पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। जिसके बाद एशिया कप 2023 हाईब्रिड मॉडल में खेला गया था। टीम इंडिया सुरक्षा संबंधी खतरों की वजह से पाकिस्तान नहीं जाती है। पाकिस्तान टीम ने टीम इंडिया के साथ वनडे और टी-20 की बाइलैटरल सीरीज के लिए 2012-13 में भारत का दौरा किया था।

# नौकायन खिलाड़ी बलराज फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस ओलंपिक में नौकायन में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि बलराज पंवार पुरूषों की एकल स्कल में अपनी हीट रेस में पांचवें स्थान पर रहे और अब 13वें से 24वें स्थान के लिए खेलेंगे। 25 वर्ष के पंवार ने क्वार्टर फाइनल में चौथी हीट में सात मिनट और 5.10 सेकंड का समय निकाला। वह सेमी फाइनल सी.डी में खिसक गए जिसके मायने हैं कि ये खिलाड़ी 13वें से 24वें स्थान के लिए उतरेंगे। पंवार रेपेचेज दौर की रेस में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। वह शनिवार को पहले दौर की हीट रेस में चौथे स्थान पर रहकर रेपेचेज में पहुंचे थे। चार क्वार्टर फाइनल हीट में शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ी सेमीफाइनल ए.बी में पहुंचे जो पदक के लिए मुकाबला करेंगे।




# सरबजोत सिंह ने गोल्ड जीतकर की थी करियर की शुरुआत, कांस्य पदक जीतने में निभाई आदर्श भूमिका

चेटौरॉक्स (फ्रांस) (एजेंसी)। मनु भाकर ने धैर्य का परिचय दिया जबकि सरबजोत सिंह ने आदर्श खिलाड़ी की भूमिका निभाई जिससे इस जोड़ी ने मंगलवार को यहां ओलंपिक में इतिहास रचते हुए दक्षिण कोरिया को हराकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कोरियाई टीम को 16-10 से हराकर देश को इस चतुष्कोणीय शोपीस में दूसरा पदक दिलाया। सरबजोत सिंह का जन्म 30 सितम्बर 2001 को हुआ था। सरबजोत हरियाणा के बरारा ब्लॉक के अंबाला के धीन गांव से हैं। वह किसान जतिंदर सिंह और गृहिणी हरदीप कौर के बेटे हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर 10 स्थित डीएवी कॉलेज से पढ़ाई की है। वह सेंट्रल फीनिक्स क्लब में अंबाला कैंट स्थित एआर शूटिंग अकादमी के कोच अभिषेक राणा के अधीन प्रशिक्षण लेते हैं।




### 2019 में गोल्ड से करियर की शुरुआत

सरबजोत के होनहार करियर की शुरुआत 2019 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ हुई थी। उन्होंने हांग्जो में 2022 एशियाई खेलों में टीम स्वर्ण और 2023 एशियाई चैंपियनशिप में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर प्रभावित करना जारी रखा। अब उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में मनु भाकर के कांस्य जीता।

# मनिका बत्रा ने फ्रांस की प्रीथिका पवाडे को हराया, प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची

पेरिस (एजेंसी)। भारत की अनुभवी खिलाड़ी मनिका बत्रा ने ओलंपिक टेबल टेनिस स्पर्धा के अंतिम 32 मैच में फ्रांस की 12वीं वरीय प्रीथिका पवाडे को सीधे गेमों मे शिकस्त दी। राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन और 18वीं वरीय मनिका ने 37 मिनट तक चले मुकाबले में 11-9, 11-6, 11-9, 11-7 से जीत दर्ज की। वह ओलंपिक टेबल टेनिस के अंतिम-16 में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी।



मनिका को पहले गेम में बाएं हाथ की खिलाड़ी के खिलाफ सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई और यह काफी करीबी मुकाबला रहा। मनिका ने अखिरी तीन अंक अपने नाम कर इसे 11-9 से जीता। दूसरे गेम की शुरुआत में भी मुकाबला काफी करीबी था लेकिन 6-6 की बराबरी के बाद मनिका ने प्रीथिका को कोई मौका नहीं दिया और 11-6 से वह जीत गई। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम की लय तीसरे गेम में जारी रखते हुए पांच अंक की बढ़त बनाई लेकिन प्रीथिका ने लगातार चार अंक हासिल कर स्कोर को 9-10 कर दिया।

प्रीथिका दबाव में गेंद को नेट पर खेल गई और मनिका ने 11-9 से इस गेम को जीत लिया। मनिका ने चौके गेम में 6-2 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत को 10-4 में बदल कर छह मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रीथिका तीन मैच प्वाइंट बचाने में सफल रही लेकिन मनिका ने चौथे अंक को भुनाकर मैच अपने नाम किया। प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका की भिड़ंत जापान की आठवीं वरीय हिरोनो मियू और हांगकांग की झू चेंगझू के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी।

# मैग्नस कार्लसन ने फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रांड स्लैम के लिए 12 मिलियन डॉलर जुटाए



नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और जान हेनरिक बुएटनर ने घोषणा की कि उन्होंने वीसी लेफ्ट लेन कैपिटल से 12 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। इस नई टूर्नामेंट सीरीज में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ियों को आकर्षक प्रारूप में पेश किया जाएगा, जिसका उद्देश्य शतरंज की दुनिया में क्रांति लाना है। नए टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि .1 मिलियन प्रति इवेंट – फ्रीस्टाइल शतरंज, मैग्नस कार्लसन और जान हेनरिक बुएटनर द्वारा स्थापित एक नई पहल है, इसी वर्ष की शुरूआत में पहली फ्री स्टाइल शतरंज स्पर्धा आयोजित हुई थी जिसे खुद कार्लसन नें जीता था। इस सीरीज में 25 सुपर ग्रांड मास्टर्स शामिल होंगे, जिनकी रेटिंग 2725 से ऊपर है। मैग्नस कार्लसन द्वारा चुने गए नौ सुपर ग्रांड मास्टर्स विशेष रूप से इस ग्रांड स्लैम सीरीज में खेलेंगे। सभी टूर्नामेंट चुनिन्दा अच्छे स्थलों में आयोजित किए जाएंगे और खेल फिशर रैंडम प्रारूप में होंगे।

# सीन नदी में पानी की गुणवत्ता पर चिंता बरकरार, पुरुष ट्रायथलॉन स्थगित

पेरिस (एजेंसी)। सीन नदी में पानी की गुणवत्ता की चिताओं के कारण मंगलवार को होने वाली पुरुष ओलंपिक ट्रायथलॉन को स्थगित कर दिया गया है। सीन नदी पर इस खेल की तैराकी स्पर्धा का आयोजन किया जाना है। आयोजकों ने कहा कि वे पुरुषों की ट्रायथलॉन को बुधवार को आयोजित करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं की प्रतियोगिता भी बुधवार को निर्धारित है, लेकिन इन दोनों का आयोजन पानी की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा।



मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार, बुधवार और गुरुवार की शाम को तूफान आ सकता है जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। भारी बारिश के कारण आमतौर पर सीन नदी में बैक्टीरिया का स्तर बढ़ जाता है। शुक्रवार को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के दौरान पेरिस में भारी बारिश हुई और शनिवार को भी बारिश जारी रही। सीन नदी में पानी की गुणवत्ता की चिंता के कारण ही रविवार और सोमवार को ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।

# बोपन्ना का 22 साल बाद संन्यास

### पेरिस ओलिंपिक मेंस डबल्स के पहले दौर में हारे, कहा- यह देश के लिए मेरा आखिरी टूर्नामेंट था

पेरिस (एजेंसी)। पेरिस ओलिंपिक के मेंस डबल्स के पहले दौर में रविवार को हार के बाद भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा कर दी। 44 साल के बोपन्ना 22 साल से भारत के लिए खेल रहे थे। उन्होंने 2002 में देश के लिए डेब्यू किया था।रविवार को खेले गए मुकाबले में उन्हें फ्रांस की गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर वेसलिन की जोड़ी ने 5-7, 6-2 हरा दिया। इसी के साथ भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो गई।वे 6 ग्रैंड स्लेम के मेंस डबल्स मैच में फाइनलिस्ट रहे। 2017 में मिक्स्ड डबल में फ्रेंच ओपन, 2024 में मेंस डबल्स में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं।पेरिस ओलंपिक से पहले बोपन्ना ने आखिरी बार एशियन गेम्स 2023 में भारत के लिए शिरकत की थी, जिसमें उन्होंने मिक्स्ड डबल्स में रुतुजा भोसले के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

**यह मेरा आखिरी इवेंट था** -पहले राउंड में हार के बाद बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने मीडिया से कहा, यह निश्चित रूप से देश के लिए मेरा आखिरी इवेंट होगा। मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मैं कहां हूं और अब, जब तक यह चलता रहेगा, मैं टेनिस सर्किट का आनंद लेता रहूंगा। मैं जहां हूं, उसके लिए यह पहले से ही एक बड़ा बोनस है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दो दशकों तक भारत का प्रतिनिधित्व करूंगा। 2002 से अपने डेब्यू से और 22 साल बाद भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना। मुझे इस पर बेहद गर्व है।

बोपन्ना ने लंदन 2012 में



**ओलंपिक डेब्यू किया** - बोपन्ना का यह तीसरा ओलिंपिक था। बोपन्ना ने अपना ओलंपिक डेब्यू लंदन 2012 में किया, जहां वह मेंस डबल्स के लिए महेश भूपति के साथ जोड़ी बनाकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। रियो 2016 में बोपन्ना और सानिया मिर्जा मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल मैच हारने के बाद चौथे स्थान पर रहे। बोपन्ना टोक्यो 2020 ओलंपिक में जगह नहीं बना सके।

**बोपन्ना ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी** - इस साल की शुरुआत में बोपन्ना 43 साल और नौ महीने की उम्र में अपने साथी मैथ्यू एब्डेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन की जीत के बाद टेनिस के ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 की जीत बोपन्ना का दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल था। उन्होंने 2017 में फ्रेंच ओपन में मिक्स्ड डबल्स जीता था। बोपन्ना और एबडेन ने पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी।

**सबसे उम्रदराज वर्ल्ड नंबर-1** बोपन्ना इस साल 29 जनवरी को आई एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 मेंस डबल्स खिलाड़ी बने थे। उस समय बोपन्ना 43 साल के थे। वे 43 साल की उम्र में दुनिया के नंबर-1 मेंस डबल्स खिलाड़ी बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। फिलहाल उनकी एटीपी रैंकिंग 4 है।

# ओलिंपिक टैली में जापान नंबर 1

### 6 गोल्ड समेत 12 मेडल जीते, भारत के नाम दो ब्रॉन्ज

पेरिस (एजेंसी)। ओलिंपिक मेडल टैली में जापान की टीम 6 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर नंबर वन है। दूसरे पर फ्रांस और तीसरे नंबर पर चीन है। मंगलवार को मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट के ब्रॉन्ज मेडल मैच में कोरिया को 16-10 से हराया। इसी के साथ भारत के नाम दो मेडल हो गए हैं।

**पेरिस ओलिंपिक 2024 : मेडल टैली**

| | | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | इंडिया | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 1 | जापान | 6 | 2 | 4 | 12 |
| 2 | फ्रांस | 5 | 8 | 3 | 16 |
| 3 | चीन | 5 | 5 | 2 | 12 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 9 |
| 5 | कोरिया | 5 | 3 | 1 | 9 |



## हंसगुल्ले

एक छोटा बच्चा दूसरे बच्चे से, अगर दिन को सूर्य न निकला तो क्या होगा?
दूसरे बच्चे ने जवाब दिया, 'बिजली का बिल बढ़ जाएगा।'

●●●●●●●

टीचर (मिन्नी से), 'आज स्कूल में देर से आने का तुमने क्या बहाना ढूंढ़ा है?'
मिन्नी, 'सर आज मैं इतनी तेज दौड़ कर आई कि बहाना सोचने का मौका ही नहीं मिला।'

●●●●●●●

नया सिपाही (इंस्पैक्टर से) : 'सर ये बिलकुल गलत है कि मैं उस चोर से डर गया था।'
इंस्पैक्टर : 'तो तुम उस गाड़ी के पीछे क्यों छिपे थे?'
नया सिपाही : 'जी वह तो मैं कुत्ता देख कर छिपा था।'

●●●●●●●

मैनेजर ने आने वाले से पूछा : 'क्या तुम्हें पता नहीं कि आज्ञा के बिना अन्दर आना मना है।'
आने वाला : 'जनाब मैं आज्ञा लेने के लिए ही अन्दर आया हूं।'

●●●●●●●

अध्यापक : 'बाबर भारत में कब आया?'
बंटी : 'पता नहीं सर।'
अध्यापक : 'बोर्ड पर नहीं देख सकते, नाम के साथ ही लिखा है।'
बंटी : मैंने सोचा, शायद वह उसका फोन नम्बर है।'

●●●●●●●

सेठानी (नौकरानी से) : 'क्यों महारानी जी आज आने में इतनी देर क्यों लगा दी?'
नौकरानी : 'सेठानी जी मैं सीढ़ियों से गिर गई थी।'
सेठानी : 'तो क्या उठने में इतनी देर लगती है।'

●●●●●●●

अध्यापक ने दूसरी कक्षा के एक बच्चे से कहा : मैंने कल तुम्हें जो हिन्दी में पाठ पढ़ाया था, उसे सुनाओ।
बच्चे ने कहा : टीचर आता नहीं है।
अध्यापक: जो आता है वही सुनाओ।
बच्चे ने कहा : मुझे तो गाना आता है वही सुना दूँ?

●●●●●●●

मरीज ने एक डॉक्टर से पूछा : आपने दो-दो थर्मामीटर क्यों रखे हैं? डॉक्टर ने जवाब दिया : एक मुंह मे लगाने के लिए और दूसरा जेब में ।
मरीज : मैं आपका मतलब नहीं समझा!
डॉक्टर : मतलब यह कि एक थर्मामीटर मुंह में लगाने से मुझे पता चलता है कि आपका शरीर कितना गर्म है और दूसरा जेब मे लगाने से पता चलेगा है कि आपकी जेब कितनी गर्म है।

●●●●●●●

# सोने की फसल

बहुत समय पहले मिथिला नगरी में प्रजापालक, धर्मप्रिय एवं न्यायी राजा चंद्रकेतु का शासन था। उनकी रानी शीलमती एक धार्मिक एवं उदार हृदय की महिला थीं। राज्य में चारों ओर सुख और शांति थी। प्रजा को वह अपनी संतान से भी बढ़ कर मानते थे। प्रजा का हाल-चाल जानने हेतु अक्सर ही मध्य रात्रि के समय वेश बदल कर वह नगर का भ्रमण किया करते थे।

एक रात जब वह अस्त्र-शस्त्र से लैस होकर अपने दो अंगरक्षकों के साथ नगर का भ्रमण कर रहे थे तभी चोरी की नीयत से तीन चोर सेठ हीरामल के मकान के पास दिखाई दिए जो सेठ के घर में सेंध लगाने की तैयारी कर रहे थे। राजा ने जब तीनों चोरों को ललकारा तो वे भागने लगे किंतु राजा के अंगरक्षकों ने उन्हें घेर लिया और तीनों चोरों को ले जाकर हवालात में बंद कर दिया गया।

चूंकि राजा ने तीनों को चोरी करते स्वयं रंगे हाथ पकड़ा था, अतः उन्हें मृत्युदंड की सजा मिलनी प्रायः तय मानी जा रही थी। अगले दिन दरबार लगने पर मंगल, अकलू और दत्तू नामक तीनों चोरों को राजा के समक्ष लाया गया। राजा ने उन्हें फांसी की सजा सुना डाली। अगली पूर्णिमा को उन्हें सूली पर चढ़ाया जाना था इसलिए उन्हें पूर्णिमा तक के लिए पुनः कारागार में डाल दिया गया।

दत्तू ,जो उम्र में मंगल और अकलू से छोटा था, बहुत तीव्र बुद्धि वाला चोर था। वह मंगल और अकलू से बोला, ''मरना तो है ही किंतु मरने से पहले जीने के लिए कुछ उपाय अवश्य करूंगा।''

अकलू और मंगल को उसकी बात बिल्कुल बकवास लगी, इसलिए उन्होंने इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। आखिरकार पूर्णिमा का दिन आ ही गया। राजभटों ने बारी-बारी से वध पर ले जाकर मंगल और अकलू को फांसी दे दी। जब दत्तू की बारी आई तो वह राजभटों से बोला, ''सरकार थोड़ा रुकिए, मरने से पहले मेरी अंतिम इच्छा है कि मैं अपने न्यायप्रिय महाराज के दर्शन करूं।''

राजभटों ने राजा तक उसकी बात पहुंचा दी। राजा बोले, ''ठीक है! ठीक है! उसे फौरन दरबार में उपस्थित करो।''

जब दत्तू को दरबार में लाया गया तो वह बोला, ''अन्नदाता, मैं सोने की खेती करने की कला जानता हूं। मेरे मरने के बाद यह कला भी सदा के लिए विलुप्त हो जाएगी इसलिए मैं फांसी चढ़ने से पहले आपको सोने की फसल उगाने की विधि सिखाना चाहता हूं।''

राजा ने उसकी फांसी रुकवा दी और प्रधानमंत्री को आदेश दिया कि दत्तू जो कुछ भी बताए उस पर अमल किया जाए। दत्तू ने राजमहल के आंगन में जमीन के एक चौकोर टुकड़े का चयन किया। नौ दिनों तक नौ ब्राह्मणों द्वारा सोने के हल से उस खेत को जोता गया। फिर सैकड़ों घड़े गंगाजल कुंवारी कन्याओं द्वारा उसमें डालकर उसे सींचा गया। राज जौहरी को आदेश दिया गया कि वह अन्न के आकार के सोने के बीज तैयार करे। इस प्रकार सारी तैयारी कर ली गई।

अब राज्य के प्रधान पुरोहित से शुभ मुहूर्त निकलवाया गया। उस दिन राज्य भर के तमाम गण्यमान्य लोगों को सोने की फसल बुवाई देखने का आमंत्रण मिला इसलिए अच्छी-खासी भीड़ राजमहल में जमा हो गई। नियत समय पर राजा चंद्रकेतु अपने सेनापति, न्यायाधिकारी, धर्माधिकारी तथा मंत्री और दरबारियों के साथ वहां उपस्थित हुए।

दत्तू तो इसी शुभ घड़ी की प्रतीक्षा में बेचैन था। उसने राजा से निवेदन किया कि वे अब सोने के बीजों की बुवाई प्रारंभ करें। साथ ही साथ उसने यह चेतावनी भी दे डाली कि अगर बोने वाले व्यक्ति ने अपने जीवन में एक बार भी चोरी की होगी तब फसल नहीं उगेगी।

यह सुनते ही राजा चंद्रकेतु का बुवाई के लिए आगे बढ़ा हाथ रुक गया। वह बोले, ''नहीं...नहीं। बचपन में मैंने एक बार चोरी करके मिठाई खा ली थी।''

उन्होंने सेनापति चंद्रचूड़ को बुलाया तो सेनापति ने भी इन्कार कर दिया। वह बोला, ''विद्यार्थी जीवन में मैंने अपने एक मित्र की एक पुस्तक चुराई थी।''

अब राजा ने धर्माधिकारी सोमभद्र को बुलाया परन्तु वे भी मुकर गए। उन्होंने राजा से निवेदन किया, ''मैंने बालपन में मां की संदूक खोलकर एक बार उसमें से कुछ सिक्के चुराए थे।''

तब राजा ने भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा, ''जिस व्यक्ति ने अपने जीवन काल में एक बार भी कभी कुछ न चुराया हो वह आगे आए।''

परन्तु कोई भी व्यक्ति आगे नहीं आया। अब तो बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई। यह बात प्रमाणित हो गई कि राजा से लेकर आम प्रजा तक सब चोर हैं कोई छोटा तो कोई बड़ा चोर।

दत्तू आगे आकर बोला, ''हे प्रजाजनों, जिस राज्य के राजा, सेनापति, धर्माधिकारी और सारी प्रजा चोर हो उस राज्य में मैं ही अकेला फांसी क्यों चढ़ूं? क्या यही न्याय है? मैं तो भूख और अभाव के चलते चोरी करने लगा था किंतु वे लोग कौन-से भूखे-नंगे थे जिन्होंने चोरी की। यदि मुझे कोई काम-धंधा या रोजगार मिला होता तब मैं भी एक अच्छी जिंदगी जीता।''

चोर दत्तू की बात सुनकर राजा चंद्रकेतु काफी लज्जित हुए। सारे दरबारियों का सिर भी शर्म से झुक गया। राजा ने दत्तू को मुक्त करते हुए उसे पांच सौ सोने के सिक्के प्रदान किए। दत्तू ने इस पूंजी से व्यापार करना शुरू कर दिया और कुछ ही दिनों में वह एक संभ्रांत व्यापारी बन गया।



# भविष्य महाराज

सेठ दमड़ीलाल बहुत कंजूस थे। कम से कम खाना, कम चीजें खरीदना और ज्यादा से ज्यादा इकट्ठा करना, यह उनकी आदत थी। वे हर छोटी-बड़ी चीज को संभालकर भविष्य (आने वाले समय) के लिए रख देते थे। सेठ की पत्नी बिना पढ़ी-लिखी और सीधी-सादी थी। सेठ जब यह कहते कि इसे भविष्य के लिए रख दो, तो वह समझती कि भविष्य उनका कोई रिश्तेदार है और वह उस चीज को संभालकर रख देती।

जब घर में बहुत सारे बर्तन, कपड़े, जेवर इकट्ठे हो गए तो सेठानी को इतना सारा सामान संभालने में परेशानी होने लगी। उसने अपनी परेशानी पड़ोसन को बताते हुए कहा - बहन, क्या आपने हमारे यहां आने वाले भविष्यजी को देखा है? अगर देखा हो तो फिर कभी वह आए तो मुझे बताना। सेठानी की बात पड़ोसन को भी समझ में नहीं आई। उसने कहा - बहन, मैं तो जानती नहीं, लेकिन तुम भविष्यजी के बारे में क्यों पूछ रही हो?

सेठानी बोली- 'क्या बताऊं बहन, हमारे यहां भविष्यजी के लिए बहुत सारा सामान इकट्ठा हो गया है और वे अब तक नहीं आए हैं। मैं तो सामान संभालते-संभालते परेशान हो गई हूं।' उनकी बातचीत को एक चोर ने सुन लिया। अब वह इंतजार करने लगा कि कब सेठ बाहर जाएं और मैं अपना काम करूं।

थोड़े दिनों के बाद सेठ को किसी काम से दूसरे शहर जाना पड़ा। चोर इसी मौके की तलाश में था। वह तुरंत सेठ के घर पहुंचकर बोला - सेठानीजी, मेरा नाम भविष्य है। मुझे सेठजी ने सारा सामान नकदी, कपड़े और जेवर देने को कहा था। मैं उसी सामान को लेने आया हूं।

'अरे, भविष्यजी महाराज, हम तो आपका ही इंतजार कर रहे थे, क्योंकि सामान इतना इकट्ठा हो गया है कि मुझसे संभाला भी नहीं जाता।' सेठानी ने कहा। चोर को भोजन कराने के बाद सेठानी ने सारा सामान एक जगह इकट्ठा कर दिया। इतना सामान देखकर चोर बहुत खुश हुआ। उसने सारा सामान दो बैलगाड़ियों में लदवाया और चला गया। बाहर से लौटने पर जब सेठ को इस घटना का पता चला, तो उसने अपना सिर पीट लिया।



प्यारे दोस्तों, हाथ मिलाने की प्रथा 2000 साल से ज्यादा पुरानी है। जब आप किसी नए व्यक्ति से मिलते हैं तो हाथ मिलाना अच्छी मुद्रा मानी जाती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो हाथ मिलाने से ऑक्सीटोसिन हार्मोन स्रावित होता है जो प्रेम और दोस्ती जैसे भावों के लिए जिम्मेदार होता है।



## 2 हजार साल से ज्यादा पुरानी है

# हाथ मिलाने की प्रथा

दफ्तर हो या दोस्तों से मुलाकात, हाथ मिलाना बहुत आम बात है। लेकिन हाथ मिलाने से आप खुद अपने लिए खतरे मोल लेते हैं। हाथ मिलाने की प्रथा 2000 साल से ज्यादा पुरानी है। जैसा कि प्राचीन काल के इस ग्रीक स्मारक में भी दिखाई देता है। ग्रीस में आम धारणा थी कि बीमारी भगवान की ओर से सजा के रूप में मिलती है, शायद इसीलिए कभी हाथ मिलाने को बीमारियों से जोड़ कर नहीं देखा गया। जब आप किसी नए व्यक्ति से मिलते हैं तो हाथ मिलाना अच्छी मुद्रा मानी जाती है। इसका अर्थ होता है कि आप खुले हाथों से बगैर हथियार के मिल रहे हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो हाथ मिलाने से ऑक्सीटोसिन हार्मोन स्रावित होता है जो प्रेम और दोस्ती जैसे भावों के लिए जिम्मेदार होता है। लेकिन वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे कई बीमारियां भी हो सकती हैं। हाथ मिलाने से रोगाणु तो एक से दूसरे में स्थानांतरित होते ही हैं, इससे कई तरह के संदेश भी मिलते हैं। जैसे पश्चिमी देशों में जोर से हाथ मिलाने का मतलब है निश्चय का पक्का होना, जबकि पूर्वी देशों में हाथ नर्मी से पकड़ा जाता है ताकि वर्चस्व जैसे संकेत न दिए जाएं। किसी से हाथ मिलाने के बाद आप उसके बारे में कुछ न कुछ भाव लेकर लौटते हैं। सर्दी और जुकाम के वायरस हाथ मिलाने से एक दूसरे में पहुंच जाते हैं। इसके अलावा त्वचा संबंधी बीमारियां भी हाथ मिलाने से आप तक पहुंच सकती हैं। संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने के बाद अगर वही हाथ आप अपनी आंखों पर फेर लेते हैं तो आपको आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि दिन में कई बार हाथ को गुनगुने पानी और साबुन से धोया जाए। लेकिन अक्सर लोग इसका ख्याल नहीं रखते। एक शोध के मुताबिक सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद करीब दो तिहाई मर्द हाथ नहीं धोते। क्या ऐसे किसी व्यक्ति से आप हाथ मिलाना चाहेंगे। कई बड़ी हस्तियां इन्ही कारणों से हाथ मिलाने से बचती हैं, जैसे बिल गेट्स। जिन्हें हाथ मिलाना पसंद नहीं, वे अक्सर अपने साथ हैंड सैनिटाइजर लिए मिल जाएंगे। लेकिन अक्सर ऐसे लोगों की छवि झक्की किस्म के लोगों जैसी बन जाती है। तो ऐसे में क्या करें? हाथ न मिलाने के विकल्प आपके पास ही हैं। हालिया रिसर्चो के बाद प्रस्ताव ये भी है कि हाथ मिलाने पर बैन ही लग जाना चाहिए। अस्पतालों को हाथ न मिलाने की जगह घोषित किया जा सकता है। हाथ मिलाने की जगह आप कुछ दूसरे तरीकों से अभिवादन कर सकते हैं। कुछ इस तरह मुट्टियां टकराना। इस तरह से हाथ टकराने पर खतरा 90 फीसदी कम हो जाता है। हाथ जोड़कर प्रणाम की मुद्रा में मिलना या फिर सलाम करने की मुद्रा को अपनाना अन्य विकल्प हैं।



# टीम में करो पढ़ाई

दोस्तों, तुम अलग-अलग चुपचाप पढ़ते हो। इससे तुम जो पढ़ते हो, वह सिर्फ तुम ही पढ़ते और समझते हो। लेकिन जब तुम टीम में मिलकर पढ़ोगे तो ज्यादा आनंद आएगा। वह इस तरह कि यदि तुम्हें कोई चीज समझने में परेशानी हो रही है तो वह तुम दूसरे दोस्त से बातचीत कर पूछ सकते हो। जिस भी दोस्त को टीम में कोई सवाल आता होगा या समझ में आ गया होगा, वह तुम्हें समझा सकता है।

टीम में मिलकर पढ़ने का एक लाभ यह भी है कि एक बच्चे की तैयारी से दूसरे बच्चों को भी फायदा होता है। मान लो, तुम्हें गणित पढ़ने में कठिनाई आ रही है, वहीं दूसरे दोस्त की मैथ अच्छी है, तो वह बिना टीचर का इंतजार किए तुम्हें मैथ के प्रॉब्लम्स का हल बता सकता है। उसी तरह यदि कविता को समझने व पढ़ने के तरीके ठीक से नहीं आ रहे हैं, मगर दूसरे बच्चे को आते हैं तो वह तुम्हारी मदद कर सकता है।

कई बार अकेले पढ़ते वक्त नींद और निराशा भी होने लगती है, लेकिन जब हम टीम में बैठकर एक साथ पढ़ते हैं तब एक प्रतियोगिता की भावना भी हममें भर जाती है कि वह तो पढ़ रहा है, यदि मैंने ठीक से पाठ नहीं पढ़ा तो मैं तो पीछे रह जाऊंगा। दूसरी स्थिति यह भी पैदा होती है कि हम जैसे ही समूह में बैठते हैं, बस वैसी ही बातचीत शुरू कर देते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम पढ़ने के लिए एक साथ बैठ रहे हैं, न कि बातचीत करने के लिए।

समूह में बैठकर पढ़ने से कई सारी बातें स्पष्ट भी होती जाती हैं। इसलिए अब तुम लोग अपनी क्लास में एक ऐसी ही टीम बना सकते हो, जो एक साथ बैठकर पढ़े। तुम इस टीम में हर सदस्य को पहले से ही टॉपिक दे सकते हो, ताकि वह सदस्य उस खास विषय को तैयार करके आए। इससे एक बच्चे के पास एक से ज्यादा विषयों की तैयारी एक ही समय में हो जाएगी और साथ ही तुम्हारे भीतर टीम भावना का भी विकास होगा।





# टॉक्सिक से जुड़ने की खबरों का तारा ने खंडन किया

साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म की कहानी और उनके कलाकार से जुड़ी हुई हैं। फिल्म की कास्ट अब तक पूरी तरह से तय नहीं हुई है, ऐसे में फिल्म में शामिल हो रहे कलाकारों के बारे में जानकारियां फैंस का उत्साह बढ़ा रही हैं। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तब से कई अभिनेत्रियों का नाम इस फिल्म से जुड़ चुका है। हाल ही में तारा सुतारिया की फिल्म में शामिल होने की खबर तेजी से फैल रही थीं, अब इस पर अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि तारा सुतारिया फिल्म टॉक्सिक में यश की दूसरी प्रेमिका के किरदार में नजर आएंगी। वहीं अब इस किरदार को निभाने की अफवाह के बीच तारा ने क्रिप्टिक नोट साझा किया है। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए तारा ने इंस्टाग्राम पर एक गुप्त नोट लिखा। नोट में उन्होंने लिखा कि पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और उनके बारे में प्रकाशित सभी लेख सच नहीं हैं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तारा ने लिखा, सभी को नमस्कार, पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और मेरे बारे में जो लेख जारी किए गए हैं, वे झूठे हैं और मैंने उन्हें साझा नहीं किया है। अभिनेत्री ने कहा, जब भी साझा करने के लिए कुछ होगा, मैं इसे आप सभी के साथ साझा करूंगी। मेरा प्यार हमेशा। कोई भी किसी से पीछे नहीं है। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया। दरअसल, वायरल खबरों में कहा गया था कि टॉक्सिक में तारा, यश की दो प्रेमिकाओं में से एक के रूप में नजर आएंगी, दूसरी प्रेमिका कियारा आडवाणी होंगी। हालांकि, अब तारा ने इन अफवाहों का खंडन किया है। वहीं कथित तौर पर बहुभाषी और बड़े बजट की इस फिल्म में नयनतारा भी यश की बहन की भूमिका में होंगी और हुमा कुरैशी नकारात्मक किरदार में होंगी। ड्रग माफिया की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में यश एक गैंगस्टर की भूमिका में होंगे।





# तमन्ना से लेकर नोरा फतेही ने फिल्मों में किया है आइटम सॉन्ग पर डांस चार्ज करती हैं करोड़ों

बॉलीवुड फिल्मों में एक्शन, थ्रिलर, हॉरर और सस्पेंस भरपूर होता है, लेकिन अगर फिल्म में एक आइटम सॉन्ग हो तो वह उस फिल्म की पॉपुलैरिटी बढ़ा देता है। इसके साथ ही उस फिल्म का क्रेज लोगों के बीच कुछ ज्यादा ही बढ़ जाता है। आइए आज आपको बताते हैं कि बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के बारे में जिन्हेंने अपने हॉट डांस मूव्स से आइटम नंबर को पॉपुलर बनाया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये अभिनेत्रियां एक आइटम सॉन्ग पर डांस करने के लिए कितनी मोटी रकम वसूल करती हैं अगर नहीं तो जानिए इस रिपोर्ट में। तमन्ना भाटिया इन दिनों आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में तमन्ना ने आज की रात नाम का एक आइटम सॉन्ग किया है, जिसमें उन्होंने अपने जबर्दस्त डांस मूव्स से सोशल मीडिया में आग लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तमन्ना एक आइटम सॉन्ग के लिए एक करोड़ रुपए वसूल करती हैं। सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही डीके द्वारा निर्देशित आगामी पीरियड फैंटेसी थ्रिलर रक्त ब्रह्मांड का हिस्सा बनने वाले हैं। इस सीरीज में अली फजल के साथ सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आएगी। पहली बार अली फजल, सामंथा के साथ काम करेंगे। ये तो हो गई वर्कफ्रंट की बात। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने पुष्पा के गाने ऊ अंटावा के लिए पांच करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

नोरा फतेही अभिनय से ज्यादा अपने डांस मूव्स के लिए ज्यादा प्रसिद्ध हैं। नोरा ने एक नहीं बल्कि कई फिल्मों में आइटम सॉन्ग किए हैं। उनका दिलबर सॉन्ग लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने में नोरा की जमकर तारीफ हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोरा एक गाने पर डांस करने के लिए पूरे 2 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। सनी लियोनी ने इंडस्ट्री को कई पॉपुलर आइटम नंबर दिए हैं, जिनमें बेबी डॉल, देसी लुक और लैला मैं लैला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब सनी ने फिल्मों में आइटम नंबर करना शुरू किया था तब वह एक गाने के महज 25 लाख रुपये चार्ज करती थीं, लेकिन अब उन्होंने अपनी फीस बढ़ा दी है और अब सनी एक आइटम नंबर को करने के लिए दो करोड़ रुपये चार्च करती हैं।




# कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया

टेलीविजन इंडस्ट्री में लंबे समय के बाद वापसी करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कहा कि भले ही वह कुछ समय से टेलीविजन से दूर थीं, लेकिन उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। बरखा ने कहा कि टेलीविजन मेरे लिए हमेशा से ही घर जैसा रहा है। यह एक ऐसी जगह है जहां मैं सही मायनों में अपने दर्शकों से सही से जुड़ सकती हूं। साथ ही अपने किरदारों को जीवंत कर सकती हूं। भले ही मैं कुछ समय टेलीविजन से दूर रही हूं, लेकिन मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया है। वर्तमान में एक्ट्रेस पारिवारिक ड्रामा मेरा बालम थानेदार में अभिनय कर रही हैं, जिसमें वह मीठी माई की भूमिका निभा रही हैं। पारिवारिक ड्रामा मेरा बालम थानेदार में अपनी भूमिका के बारे में बरखा ने बताया, मीठी माई का किरदार निभाना एक बहुत ही संतोषजनक और समृद्ध अनुभव रहा है। अपने इस किरदार के प्रति मेरा एक खास दृष्टिकोण है। यह यात्रा प्यार, चुनौतियों और अविश्वसनीय क्षणों से भरी हुई है, जिन्हें मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका किरदार बुलबुल और वीर (श्रुति चौधरी और शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) के जीवन में कई उतार-चढ़ाव लाएगा। उन्होंने आगे बताया, मुझे लगता है कि ये उतार-चढ़ाव दर्शकों को शो से जोड़े रखते हैं। इस भूमिका ने मुझे न केवल अपने अभिनय के नए पहलुओं को तलाशने का मौका दिया है, बल्कि दर्शकों के दिलों में जगह बनाने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि वह अपने दर्शकों के अटूट समर्थन और स्नेह के लिए बेहद आभारी हैं, जो उन्हें हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। शो मेरा बालम थानेदार कलर्स पर प्रसारित होता है।

# सनातन धर्म में अटूट विश्वास रखते हैं रणबीर कपूर



बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। नितेश कुमार की ये फिल्म शुरुआत से सुर्खियों में छाई हुई है। इस फिल्म में अभिनेता को भगवान राम की भूमिका में देखा जाएगा। हाल ही में रणबीर कपूर ने भगवान के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। रणबीर ने एक बातचीत के दौरान अपने पिता के भगवान के साथ रिश्ते के बारे में भी खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि उनके पिता बहुत धार्मिक थे। रणबीर कपूर ने एक बातचीत में कहा, मेरे पिता बहुत धार्मिक थे। मेरी मां मेरे पिता से थोड़ी कम धार्मिक हैं, लेकिन इससे उन्हें खुशी मिलती, इसलिए वह ऐसा करती थीं। हमने उनके बच्चें होने नाते उन्हें देखा, जैसा कि आपने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता को देखते हैं और उन्हे फॉलो करने की कोशिश करते हैं। इसलिए मुझमें भगवान के बारे में अच्छी भावना है। नितेश तिवारी की रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए रणबीर कपूर पूरी तरह तैयार हैं।




# यश की टॉक्सिक का प्रदर्शन टला, अक्षय को होगा फायदा

अक्षय कुमार और अरशद वारसी फिर से धमाल मचाने आ रहे हैं। दोनों को साथ पर्दे पर देखने के लिए फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। इसके साथ ही साउथ स्टार यश की फिल्म पोस्टपोन होने की खबर भी सामने आ रही है। इसका सीधा फायदा अक्षय कुमार को भी मिल सकता है। ऐसे में अक्षय के सामने से एक बड़ा मुकाबला हट सकता है। साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के तय समय पर रिलीज ना होने की वजह से अक्षय कुमार की किस्मत फिर से चमकने के भी कयास लगाए जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय और अरशद की ये मोस्ट अवेटेड फिल्म 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है। इसी डेट पर साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' भी दर्शकों को एंटरटेन करने आ रही थी। लेकिन अब सामने आई खबरों के मुताबिक ये फिल्म अपने तय समय पर रिलीज नहीं होगी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी फीमेल लीड हैं। अब इसी डेट पर 'जॉली एलएलबी 3' रिलीज होगी, हालांकि, इस पर अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से ये बात भी सामने आई है कि पहले ये फिल्म 2025 में रिलीज होने वाली थी। लेकिन अगर फिल्म सच में 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होती है, तो फिल्म को इसका बड़ा फायदा हो सकता है. क्योंकि इसके बाद आने वाले तीन दिनों तक महावीर जयंती और अंबेडकर जयंती की छुट्टी होने वाली है. ऐसे में सिनेमाघरों में दर्शकों के आने के ज्यादा चांस बनते हैं और फिल्म की अच्छी कमाई होने की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। 'जॉली एलएलबी 3' से पहले इसके दोनों पार्ट पर भी दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया था। साल 2013 में आई पहली फिल्म पर लोगों ने खूब प्यार लुटाया था। इसके बाद दूसरे पार्ट को भी अच्छी सफलता मिली थी। अब तीसरे पार्ट को लेकर भी दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।





# करण जौहर ने बंद की सलमान खान की द बुल और कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म

**2023 में कार्तिक आर्यन ने घोषणा की थी कि वह पहली बार करण जौहर और एकता कपूर के साथ एक महाकाव्य युद्ध फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस घोषणा ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी क्योंकि इसने दोस्ताना की शूटिंग के बीच सार्वजनिक रूप से हुए मतभेद के बाद कार्तिक और करण के बीच सुलह का संकेत दिया।**

इस फिल्म का निर्देशन संदीप मोदी द्वारा किया जाना था और इस साल अक्टूबर में फ्लोर पर आने की उम्मीद थी। सिने गलियारों में बहती बारिश की ठंडी फुहारों ने बताया है कि करण जौहर ने कार्तिक आर्यन के साथ अपनी अगली फिल्म को रोक दिया है। कहा जा रहा है कि युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी देशभक्ति फिल्मों की भरमार है। करण ने योद्धा के बाद बाजार के रुझान को पहचान लिया है और संदीप मोदी और कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म को रोक दिया है। इतना ही नहीं, करण ने अपनी एक और फिल्म को रोक दिया है। द बुल के नाम से बन रही फिल्म में उनके साथ पहली बार सलमान खान नजर आने वाले थे। इस फिल्म का निर्देशन शेरशाह निर्देशित करने वाले विष्णुवर्धन करने जा रहे थे। फिल्म के लिए सलमान खान ने ट्रेनिंग भी पूरी कर ली थी। अब इस फिल्म को भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि आधिकारिक तौर पर सलमान खान और करण जौहर भविष्य में एक साथ काम करने के वादे को लेकर आगे बढ़ गए हैं। करण अब 2025 और 2026 के लिए धर्मा प्रोडक्शंस के लिए लाइनअप बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

# प्रभास की नई फिल्म का है सुभाष चंद्र बोस से कनेक्शन, सैनिक के रोल में आएंगे नजर

कल्कि 2898 एडी की शानदार सफलता के बाद अब अभिनेता प्रभास अपनी नई फिल्मों की तैयारी में जुटने वाले हैं। प्रभास के प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर बनाए हुए है। खबर है कि उनकी नई फिल्म की घोषणा 22 अगस्त को होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही फिल्म की कहानी पर एक अपडेट सामने आया है। अगले महीने जिस फिल्म का एलान किया जाएगा, उसका निर्देशन हनु राघवपुडी करेंगे, जो इससे पहले दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर के साथ सीता रामम बना चुके हैं। यह फिल्म एक पीरियड रोमांटिक ड्रामा होगी। ऐसे में जाहिर है कि फिल्म में पुराने समय की कहानी देखने को मिलेगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ताजा अपडेट है कि प्रभास की यह फिल्म स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के समय पर आधारित है, जिसमें दर्शक प्रभास को एक सैनिक के किरदार में देखेंगे। जैसा कि हम जानते हैं कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। फिल्म में प्रभास इसी आजाद हिंद फौज के एक सदस्य के रूप में दिखाई देंगे। हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित सीता रामम भी पीरियड रोमांटिक ड्रामा थी। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था और अब वो एक और ऐसी ही फिल्म लेकर आ रहे हैं। देखना होगा कि क्या वो फिर से सीता रामम जैसा जादू बिखेर पाएंगे। 25 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 94.28 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। प्रभास की इस फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जाएगा।



# जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित किसानों के हित में अच्छा कदम : धीरेन्द्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ज़ेवर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी



विधायक धीरेंद्र सिंह ने जेवर एयरपोर्ट से प्रभावित होने वाले किसानों के हित में एक अच्छा कदम उठाया है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने जिला अधिकारी गौतमबुधनगर को पत्र लिखकर ज़ेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्टस (नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट) के निर्माण में जिन ग्रामों की जमीन ली गई है उन ग्रामों की परिसंपतियाँ व मकानों के किए गए मूल्यांकन और दी जाने वाली धनराशि को सार्वजनिक करने की बात कही है।

विधायक धीरेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्थापन में होने वाली ग्रामों की परिसंपत्ति और उसमें आने वाले मकानों के किए गए मूल्यांकन तथा दी जाने वाली धनराशि को ग्राम, तहसील व जिला मुख्यालय स्तर तक सार्वजनिक किया जाना चाहिए। श्री सिंह ने बताया कि यह फ़ैसला उत्तर प्रदेश सरकार की ' जीरो टॉलरेंस भ्रष्टाचार' की नीति के तहत एक सराहनीय कदम होगा।

विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा है कि सूचना तंत्र के इस ज़माने में इस पोर्टल से मूल्यांकन होने के बाद परिसम्पतियों की वास्तिविक स्थिति और दी जाने वाली धनराशि को ऑनलाइन कराया जाना पारदर्शिता की दृष्टि से एक अच्छा कदम होगा।


ज़ेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी से प्रथम और दृितीय चरण में अब तक परिसंपत्तियों व मकान आदि के मूल्यांकन और किसान को वितरित की गई धनराशि का एक विवरण उन्हें भी उपलब्ध कराने की माँग की है।


श्री सिंह ने कहा कि इससे उनके कार्यालय पर आने वाले किसानों को सही स्थिति से अवगत कराया जा सकता है।

# पार्किंग की जगह पर सेमिनार हॉल और ऑफिस

## नोएडा में कैरियर लांचर इंस्टीट्यूट, फिट-जी व आकाश इंस्टीट्यूट की पार्किंग सील









**नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्रनगर में बेसमेंट में चल रही राव आईएएस कोचिंग सेंटर की लाइब्रेरी में जलभराव के बाद हुए दर्दनाक हादसे की पुनरावृर्ति कहीं नोएडा में न हो जाए इसको रोकने के लिए एक्शन शुरू हो गया है। शासन के निर्देश पर गठित टीम ने मंगलवार को दो कोचिंग सेंटरों की पार्किंग सील कर दी। वहीं एक इंस्टीटयूट को भी सील कर दिया। हैरानी की बात यह है कि जहां बेसमेंट में कोचिंग सेंटर चलाये जा रहे थे वह स्थान पार्किंग के लिए आवांटित किया गया था।

दिल्ली की घटना के बाद नोएडा प्राधिकरण, प्रशासन और अग्निशमन विभाग की टीम ने मंगलवार को नोएडा के चार कोचिंग सेंटर की जांच की। जांच के बाद शिक्षा विभाग के बगैर परमिशन से सेक्टर-62 में चल रहे करियर लॉन्चर कोचिंग को पूरी तरह से सील कर दिया गया। वहीं सेक्टर-62 स्थित आकाश इंस्टिट्यूट और फिटजी की पार्किंग को बंद कर दिया गया।

मंगलवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कांत मिश्रा, डीआईओएस और नोएडा प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर ने सेक्टर-62 स्थित चार कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया।

करियर लॉन्चर कोचिंग सेंटर डीआईओएस के परमिशन के बगैर संचालित हो रहा था इस कारण इसे पूरी तरह सील कर दिया गया। सेक्टर-62 स्थित आकाश इंस्टिट्यूट और फिटजी ने बेसमेंट में पार्किंग की परमिशन ले रखी थी। लेकिन यहां ऑफिस और सेमिनार हाल बना दिया गया था। इस कारण इन दोनों इंस्टीट्यूट के बेसमेंट को सील किया गया। सेक्टर-62 स्थित अनअकैडमी कोचिंग सेंटर की भी जांच की गई लेकिन वहां सब कुछ दुरुस्त मिला। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि जनपद में 51 कोचिंग सेंटर रजिस्टर्ड हैं और इनकी लगातार जांच की जाएगी। मंगलवार को चार कोचिंग सेंटर की जांच की गई इनमें एक को पूरी तरह से सील कर दिया गया और दो कोचिंग सेंटर के बेसमेंट को सील किया गया।

सिटी मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि कोचिंग सेंटर की जांच की जाएगी और जहां भी कमियां पाई जाएंगी या नियमों का उल्लंघन होगा उन कोचिंग सेंटरों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# पौधारोपण के साथ-साथ देखभाल का भी लें संकल्प : डा. लोकेश एम

## सेक्टर-100 में आरडब्लूए व एनईए के कार्यक्रम में सीईओ व एसीईओ ने किया पौधारोपण

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन एवं आरडब्लूए सेक्टर-100 के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-100 के सी ब्लॉक पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।





अभियान की शुरुआत मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा डा. लोकेश एम ने पहला पौधा लगाकर किया किया। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण समारोह में भाग लेना उनके लिए गर्व की बात है और इससे नोएडा के प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा में मदद मिलेगी। यह कार्यक्रम सिर्फ पेड़ लगाने का ही नहीं, बल्कि उस पेड़ देखभाल करने का भी संकल्प लेना चाहिए।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने बताया कि वृक्षारोपण से पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी, और इसे बढ़ावा देने के लिए सभी नागरिकों को सहयोग करने की आवश्यकता है।

एसोसिएशन अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने सेक्टर के अलावा नोएडा शहर में सीईओ के द्वारा कराये जा रहे जनहित के कार्यों की बहुत प्रशंसा की।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के निदेशक आनंद मोहन, वरिष्ठ प्रबंधक राजकमल सिंह,उप निदेशक राजेंद्र सिंह, ज्ञानेन्दर यादव, एनईए महासचिव जितेंद्र कुमार,उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, सचिव नीरज राणा, अमित कुमार, सुभाष कुमार, आरडबलूए के सुमेर रावत, अशोक चौहान, करतार चौहान, अजब कसाना, एन.के. श्रीवास्तव, सतीश अवाना, राजू बख्शीं, महेंद्र नागर, विजेंदर सिंह, विकास, आशीष कसाना, मनीष कुमार, ओमबीर सिंह आदि व अन्य कई उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनईसी इंडिया ने यूपी में डिजिटल सोल्यूशंस को प्रदर्शित किया

**नोएडा (चेतना मंच)।** आईटी और नेटवर्क टेक्नोलॉजी में अग्रणी एनईसी कॉरपोरेशन इंडिया ने कई सोल्यूशन उत्तर प्रदेश के शहरों में लगाये हैं। इनमें इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी), सिटी मैनेजमेंट, एवंइंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, डिजि यात्रा द्वारा हवाई सफर राज्य के विकास में योगदान दे रहे हैं। यह बात एनईसी इंडिया के जनरल मैनेजर एण्ड बिजिनेस यूनिट हैड प्रदीप कुशवाहा ने कही।



श्री कुशवाहा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सेटेलाइट से सबमरीन केबल तक, एनईसी विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक टेक्नोलॉजी सोल्यूशन प्रदान करता है।

एनईसी के अधिकारी अरविंद सक्सेना ने बताया कि एनईसी द्वारा स्मार्ट सिटी के तहत सहारनपुर और मेरठ शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) बनाये हैं, जिससे शहर प्रबंधन, सुरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है। उन्होंने 9 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इमरजेंसी कॉल बॉक्स स्थापित किए हैं और 150 शहर में वाई-फाई एक्सेस पॉइंट्स की स्थापना भी की गयी है।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के लिए एनईसी ने रियल टाइम बस ट्रैकिंग, पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम, सुरक्षा बटन 5000 बसों में लगाए हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह

**नोएडा (चेतना मंच)।** सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल ने अपना अलंकरण समारोह आयोजित



किया। समारोह में नई छात्र परिषद को जिम्मेदारियां सौंपी गई। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक, प्रशिक्षक सुश्री शिवानी खातन ने छात्रों को समर्पण और जुनून के साथ अपनी नई भूमिकाएँ निभाने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती चित्राकांत ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों को विनम्रता, सत्यनिष्ठा और करुणा के साथ नेतृत्व करने और महानता हासिल करने के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और उसके बाद डीएवी गान से हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवनिर्वाचित परिषद सदस्यों को बैज लगाना और सैश पहनाना था। शपथ लेते हुए हेड बॉय शाश्वत ने अपने निर्वाचित सदस्यों के साथ स्कूल के आदर्श वाक्य को उच्च सम्मान में रखने की शपथ ली। हेड गर्ल सृष्टी गुर्जर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# गढ़ी चौखंडी में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

**नोएडा (चेतना मंच)।** श्रीराम हनुमान सेवा समिति ने 108वीं हनुमान



चालीसा का पाठ ग्राम गढ़ी चौखंडी के प्राचीन हनुमान मंदिर पर किया। प्रोग्राम आयोजक श्री राम हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय सचिव राम निवास यादव, पुष्पेन्द्र यादव अमित यादव रहे।

श्री राम हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकतानन्द प्रधान ने अपने विचार रखते हुए बताया कि हमारी श्री राम हनुमान सेवा समिति हर मंगलवार को गाँव, सेक्टर,आदि जगह पर जाकर हनुमान चालीसा का पाठ करवाती है।राम निवाश यादव राष्ट्रीय सचिव ने बताया 108 वी हनुमान चालीसा महँदी पुर बालाजी में की जाइगी।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकतानन्द प्रधान, राष्ट्रीय सचिव राम निवास यादव, राकेश यादव, राजेंद्र यादव (पूर्व मंत्री) एनसीआर अध्यक्ष अशोक यादव, समिति संस्तापक अनिल मास्टर, अंकित कौशिक ,शक्ति सिंह धर्मेंद्र नन्दा, सतपाल यादव, श्रीमति मनोज शर्मा, काजल, रजनी, पूर्णिमा, सिमा पटेल, बबिता आदेश नम्बरदार ,सुनील दत्त शर्मा, आरभ यादव, भूलेराम यादव, विनोद शर्मा, गणेश बैरागी आदि भक्त उपस्थित रहे।

# 'एकलव्य की खोज' के लिए हुआ ऑडिशन

**नोएडा (चेतना मंच)।** दिव्यतरंग एजुकेयर फाउंडेशन व नवरत्न फाउंडेशन द्वारा अनदेखी प्रतिभाओं की खोज के लिए शुरू की गई पहल 'एकलव्य की खोज' के लिए ऑडिशन लिए गए। पहले ऑडिशन में 69 बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।



नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि एकलव्य एक खोज के तहत वंचित बच्चों को बेहतर प्लेटफार्म देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत 8 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग में अनदेखी प्रतिभाओं को खोजने की पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रारम्भिक ऑडिशन सेक्टर-12 स्थित ईशान म्यूजिकल कॉलेज में आयोजित किया गया। टैलेंट हंट की तीन श्रेणियों में गायन, नृत्य और भाषण के तहत ऑडिशन लिए गए। नवरत्न फाउंडेशन्स की श्रीमती अंशुमाली सिन्हा और दिव्यतरंग एजुकेयर फाउंडेशन के विक्की यादव ने बच्चों का ऑडिशन लिया। ऑडिशन में डॉ. अशोक श्रीवास्तव, मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव, आरएन श्रीवास्तव अमितेन्द्र द्विवेदी, अजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली में डेयरी फार्म पशुपालकों को उजाड़ने की साजिश

## 'आप' सांसद से मिले भारतीय किसान यूनियन मंच के सदस्य

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह से दिल्ली स्थित आवास पर पहुंच कर मुलाकात की।



भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बताया कि दिल्ली में 10 डेयरी फार्म, गाजीपुर डेरी फार्म, मक़सूदपुर डेरी फार्म, मदनपुर डेरी फार्म,गोयला डेरी फार्म,ककरोला डेरी फार्म,नगली डेरी फार्म,भिलसवा डेरी फार्म,शाहबाद दौलतपुर,झरोदा,घोगा सभी फार्म डेयरी के पशुपालकों को उजाड़ने का कार्य किया जा रहा है

यह डेरी फार्म वर्ष 1976 में डेरी किसानों को मास्टर प्लान के तहत 10 डेरी फार्म बनाकर दिल्ली के बॉर्डर पर बसाया गया था जिसमें से गाज़ीपुर डेरी फार्म, मदनपुर डेरी फार्म, मकसूदपुर डेरी फार्म इन तीनों डेरी फार्म को डीडीए ने बनाया और अब डीयूएसआईबी के पास है बाकी सात डेरी फार्म एमसीडी द्वारा बनाए गए गोला डेरी फार्म, नगली डेरी फार्म, ककरोला डेरी फार्म, शाहबाद दौलतपुर डेरी फार्म, भीलसवा डेरी फार्म, झरोदा डेरी फार्म और गोगा डेरी को वर्ष 2007 में बनाया गया अब इन डेरी फार्म को उजड़ने का कार्य सरकारे कर रही है इन सभी पशुपालकों को भारतीय किसान यूनियन मंच उजड़ने नहीं देगा सरकार को इन 10 डेरी फार्म के पशुपालकों का शोषण तत्काल बंद करना होगा।

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सत्र की व्यस्तता के कारण जल्द ही साथ बैठकर बात करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय महासचिव गौतम लोहिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, मेरठ मंडल अध्यक्ष गजेंद्र बसोया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

